

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 281 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 5 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर आश्रम, छात्रावास एवं पोटाकेबिन जैसे आवासीय संस्थाओं की व्यवस्था ...

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला रायगढ़ का गठन पेज -8 पर


## 15 करोड़ की लागत से बनने वाली यूनिट में स्टार्टअप इकाइयों के प्रमोशन की होगी सुविधा

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंटस की स्थापना की जाएगी। 15 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस संस्थान में स्टार्टअप यूनिट्स के लिए जगह भी होगी और लैब भी होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने यह घोषणा दुर्ग संभाग में युवाओं से भेंट मुलाकात के दौरान की। उन्होंने कहा कि अभी बैंगलोर जीएसटी प्राधिकरण ने छात्रावास में रहने वाले छात्रों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया है। इस निर्णय को वापस लेने का अनुरोध हमने भारत सरकार से किया है। यह निर्णय यदि वापस नहीं होता तो इस राशि का वहन छत्तीसगढ़ सरकार करेगी लेकिन



बच्चों पर अतिरिक्त भार नहीं आने देंगे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सभी वर्गों के हितों से संबंधित किये गये कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हमने पौने दो लाख करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में डाले। इससे बाजार में पैसा आया और छ्त्तीसगढ़ मंदी से दूर रहा। हमने उद्यानिकी विश्वविद्यालय आरंभ किया और मेडिकल कालेज भी खोले हैं। हमने 112 करोड़ रुपए बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिये हैं।

300 रीपा बनवाया है। 1186 करोड़ रुपए की राशि से 36 आईटीआई का उन्नयन कर रहे हैं। इससे दस हजार पद सृजित होंगे। जहां जहां भेंट मुलाकात होती है मुझसे लोग स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल और सहकारी बैंक की माँग होती है। इंग्लिश मीडियम स्कूलों की जरूरत थी और कालेजों की भी। हमने दस इंग्लिश मीडियम कालेज आरंभ किये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी परंपरा को सहेजने की दिशा में भी हमने कार्य किया है।



### एक नजर

## पीसीसी चीफ दीपक बैज आज लेंगे कांग्रेस की बैठक



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज विस्तारा के नियमित विमान सेवा द्वारा शुक्रवार रात को 7.40 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचेंगे। रात्रि 8 बजे शासकीय आवास, ऑफिसर्स कॉलोनी, देवेन्द्र नगर रायपुर के लिये रवाना होंगे। रात्रि 8.20 बजे शासकीय आवास, देवेन्द्र नगर रायपुर पहुंचेंगे। इसकी बाद, शनिवार को वो जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी रायपुर की विस्तारित बैठक में शामिल होंगे। सुबह 11 से 1 बजे तक शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर का बैठक लेंगे। दोपहर 2 से 4 बजे तक जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण का बैठक लेंगे। शाम 4.30 बजे महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, आदिवासी कांग्रेस, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विभाग, किसान कांग्रेस के जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी, रायपुर के पदाधिकारियों के संयुक्त बैठक लेंगे।

जेल में ही रहेंगी रानू साहू

## आईएएस को कोर्ट नहीं लाया गया, 18 अगस्त तक बढ़ी रिमांड

### सरकार ने किया सस्पेंड

रायपुर। IAS रानू साहू को फिलहाल जेल में ही रहना होगा। 18 अगस्त तक रिमांड को बढ़ा दिया गया है। शुक्रवार को साहू को अदालत नहीं लाया गया। वो फिलहाल सेंट्रल जेल में हैं। ED ने उन्हें कोल मामले में आरोपी बताया है। शुक्रवार को ED ने न्यायधीश अजय सिंह की अदालत में मामला रखा। बचाव पक्ष के वकीलों ने जमानत देने की मांग रखी मगर बात नहीं बनी।



ED को मिले अहम सबूतों के मुताबिक रानू साहू करोड़ों रुपए के हेर-फेर में शामिल थीं, फिलहाल मामले की जांच जारी है। रानू साहू को 22 जुलाई को ED ने अरेस्ट किया था। तब वो कृषि विभाग में संचालक के पद पर पदस्थ थीं। अब सरकार ने उन्हें जेल जाने की वजह से सस्पेंड कर दिया है । इससे पहले रानू रायगढ़ जिले की कलेक्टर रह चुकी हैं। कोल मामले में पहले से ही जेल में बंद कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के सहयोगी निखिल चंद्राकर को भी पेश किया गया। इसे भी 18 अगस्त तक न्यायिक रिमांड पर रखे जाने के निर्देश कोर्ट ने दिए।

रानू साहू पर आरोप के बारे में ईडी के वकील सौरभ पांडे ने कहा था कि कोल लेवी स्कैम में उनकी गिरफ्तारी की गई है। उनसे पहले भी पूछताछ होती रही है, लेकिन उन्होंने कभी सहयोग नहीं किया। हर बात में डोजिंग आंसर दिया।विटनेस और डॉक्यूमेंट के वैरिफिकेशन के लिए उनसे पूछताछ की जानी थी, लेकिन हर बार यही कहा कि कुछ नहीं मालूम। अब अदालत में दलील दी गई है कि चूंकि रानू प्रभावशाली अधिकारी हैं, जांच में उनका सहयोग नहीं मिल रहा है इसलिए उन्हें छोड़ा जाना ठीक नहीं होगा। यही वजह रही कि अदालत ने फिलहाल उनकी रिमांड को बढ़ा दिया है।

### रानू साहू के मायके में पड़ चुका है छापा

पिछले साल ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग और कोल अवैध वसूली मामले में रानू साहू के कलेक्टर रहते हुए छापेमारी कार्रवाई की थी। रानू साहू के मायके में ED के अधिकारियों ने दबिश दी थी। साहू के गांव पाण्डुका, गरियाबंद जिले में छापा पड़ा था। साहू के परिजन राजनीति से जुड़े हैं। जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू और कांग्रेस नेता शैलेंद्र साहू के घर टीम घुसी थी। लक्ष्मी साहू कलेक्टर रानू साहू की मां हैं। वहीं शैलेंद्र साहू उनके चचेरे भाई हैं। मैनपुर में एक 12 एकड़ के तालाब के भी इस परिवार के नाम होने की जानकारी सामने आई थी, क्योंकि इसकी प्रारंभिक रजिस्ट्री में परिवार का नाम था।

### प्रॉपर्टी अटैच की गई थी

*दो महीने पहले कोल मामले में ED ने आईएएस अफसर, कोल कारोबारी और कुछ कांग्रेसी विधायकों की संपत्ति अटैच की थी। तब प्रदेश में 90 चल अचल संपत्तियों को अटैच किया गया है। जिनमें लग्जरी गाड़ियां, ज्वेलरी और नगद शामिल है।*

भाजपा का चुनावी ब्लू प्रिंट तैयार करने गुजरात-महाराष्ट्र से आ रहे विधायक

## छत्तीसगढ़ में हर फार्मूला फेल- कांग्रेस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की चुनावी तैयारी तेज हो गई है. भाजपा का चुनावी ब्लू प्रिंट तैयार करने के लिए गुजरात-महाराष्ट्र के 90 विधायक छत्तीसगढ़ आ रहे है. ये विधायक प्रदेश की एक-एक सीट का प्रबंधन संभालेंगे. इसके पीछे भाजपा चुनाव में बेहतर मेलजोल का तर्क दे रही है, तो वहीं



दूसरी ओर कांग्रेस चुनाव में भाजपा का हर फार्मूला फेल होने की बात कह रही है। भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने विधायकों के दौरे को लेकर कहा कि बीजेपी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है. हम 2 सांसदों से यहां तक पहुंचे हैं. पूरे देश की बीजेपी मिलजुलकर कार्य करती है, यह सीधा संदेश है. हमारे पड़ोसी राज्यों से, चाहे वह कार्यकर्ता हो या विधायक, यहां पर चुनाव के लिए सहयोग करने आएंगे।

## बारिश के बाद बाजार, मोहल्लों-कॉलोनियों से लेकर रिंग रोड तक कई सड़कें बह गईं

रायपुर। राजधानी में बुधवार और गुरुवार को करीब 36 घंटे की बारिश के कारण शहर की कई सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गयी हैं. बाजारों से लेकर कॉलोनियों और पुराने मोहल्लों के साथ-साथ रिंग रोड जैसी भारी ट्रैफिक वाली सड़कों पर भी कहीं छोटे तो कहीं बड़े गड्ढे हो गए हैं।

रिंग रोड के कुछ हिस्सों में गहरे गड्ढों में पानी भरने से सड़कों की गहराई का पता नहीं चलता है। इससे यहां दुर्घटना का खतरा पैदा हो गया है।



### सड्डू की अधूरी सड़क का बुरा हाल

मोवा से सड्डू और सड्डू से सैंस सेंटर तक जाने वाली सड़क बारिश में बेहद खराब हो गई है. वहां की सड़कों पर गड्ढे होने के कारण लोगों को गाड़ी चलाने में दिक्कत हो रही थी. लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क का कार्य अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। इससे वहां के हजारों नागरिक परेशान हैं.

### -मालवीय रोड की स्थिति खराब

मालवीय रोड और गोलबाजार की हालत सबसे खराब है, क्योंकि यहां पाइप लाइन बिछाने के साथ-साथ अंडरग्राउंड केबलिंग के लिए बारिश के चरम मौसम में खुदाई की जा रही है। अभी लगातार बारिश के कारण गड्ढों की मिट्टी व गिट्टी बह गयी है, जिससे सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।

*लगातार बारिश के कारण चंगोराभाठा से महादेवघाट रोड, जल विहार कॉलोनी, तेलीबांधा, रविग्राम, पुजारी नगर, कालीबाड़ी, चौरसिया कॉलोनी, रांवाभाठा समेत कई जगहों पर नाली का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर भर गया। इससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। कई स्थानों पर अवैध प्लाटिंग के कारण पानी की निकासी बंद हो गई है।*

## केमिस्ट्री में 90 फीसदी स्टूडेंट्स हुए फेल, 40 को मिले जीरो नंबर

**सरगुजा।** सरगुजा। खराब रिजल्ट आने पर छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय (SGGU) के द्वारा बीएससी द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में केमिस्ट्री विषय में 90 फीसदी विद्यार्थी अनुत्तीर्ण घोषित हुए एवं 40 विद्यार्थियों को शून्य अंक प्राप्त हुए। जिससे विद्यार्थियों के द्वारा विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ त्रुटिपूर्ण परिणाम जारी करने और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगा विश्वविद्यालय की प्रशासनिक भवन के समक्ष जमकर नारेबाजी की गई और कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया। इधर विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा विद्यार्थियों के आरोपों का खंडन करते हुए लिखे गए उत्तर पुस्तिका के अनुसार ही परिणाम जारी करने




की जानकारी दी गई है।

विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा कभी प्रश्न पत्र में तो कभी परिणाम में त्रुटि की जा रही है।

विधि संकाय की परीक्षा में कोर्स से बाहर के प्रश्न पूछे जाने का भी आरोप लगा था। परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित किए जाने के बावजूद त्रुटि की जा रही है। बीएससी द्वितीय वर्ष के परिणाम में प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित बताया गया है। इन त्रुटियों के चलते विद्यार्थियों को बार-बार विश्वविद्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

मुख्यमंत्री गोधन न्याय योजना

## हितग्राहियों को जारी करेंगे 15.72 करोड़ रूपए की राशि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 5 अगस्त को गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 73वीं किश्त के रूप में 15 करोड़ 72 लाख रूपए की राशि का अंतरण सीधे उनके बैंक खातों में करेंगे। ऑनलाईन राशि अंतरण का यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में होगा।



मुख्यमंत्री इस मौके पर 14-31 जुलाई 2023 तक गौठानों में गोबर विक्रय करने वाले ग्रामीण पशुपालक किसानों को 5 करोड़ 60 लाख रूपए तथा गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 9 करोड़ 69 लाख रूपए की राशि जारी करेंगे। गौठानों में जुलाई माह के द्वितीय पखवाड़े में 2 लाख 80 हजार क्विंटल गोबर की खरीदी गोधन न्याय योजना के तहत की गई है।

गौठानों में गोबर खरीदी में स्वावलंबी गोठानों की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। गोबर विक्रेताओं को होने वाले 5.60 करोड़ रूपए के भुगतान में से मात्र 2.29 करोड़ रूपए का भुगतान शासन की ओर से किया जाएगा, जबकि 3.31 करोड़ रूपए का भुगतान स्वावलंबी गौठान स्वयं की राशि से करेंगे। राज्य में 10,278 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं, जिसमें से 5985 गौठान पूरी तरह से स्वावलंबी हो चुके हैं।

## कृषि विभाग के अधिकारियों ने खाद-बीज की दुकानों पर दी दबिश

### 74 विक्रेताओं को जारी किया नोटिस, 14 के लाइसेंस किए निलंबित

रायपुर। छत्तीसगढ़ में किसानों को मानक स्तर के रासायनिक उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर शासन-प्रशासन ने सख्त रूख अख्तियार कर लिया है।



पूरे राज्य में खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेता प्रतिष्ठानों की जांच पड़ताल का अभियान तेजी से जारी है। जिलों में कृषि विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम अपने-अपने इलाके में खाद-बीज विक्रेता प्रतिष्ठानों एवं कृषि सेवा केन्द्रों में औचक रूप से दबिश देकर वहां बेची जा रही खाद एवं बीज के सैम्पल लेने के साथ ही स्टाक पंजी, बिल बुक सहित अन्य दस्तावेज की जांच पड़ताल कर रही है। बीते दो दिनों में राज्य में खाद-बीज और कीटनाशक औषधि विक्रेता प्रतिष्ठानों की औचक जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर तीन प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया है। 14 के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं और 74 विक्रेताओं को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। इस मामले में सबसे ज्यादा कार्रवाई गरियाबंद जिले में हुई है। गरियाबंद जिले में 62 कृषि सेवा केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस, तीन प्रतिष्ठानों में खाद-बीज विक्रय को प्रतिबंधित किए जाने के साथ ही 13 दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

### प्रेस कॉफ्रेंस...

*कांग्रेस ने कहा केन्द्र ने छत्तीसगढ़ से वसूला ज्यादा दिया कम, BJP बोली मोदी सरकार ने 10 फीसदी पैसा बढ़ाया*

## 5 सालों में छत्तीसगढ़ से केंद्र ने 4.61 लाख करोड़ वसूली किया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में केन्द्र और राज्य के बीच लेन-देन को लेकर रार छिड़ गई है। कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर दावा किया है कि बीते 5 सालों में छत्तीसगढ़ से केंद्र ने 4.61 लाख करोड़ वसूली किया है,बदले में 1.92 लाख करोड़ ही दिए है। जिसमे आज भी 55 हजार करोड़ का बकाया है जबकि बीजेपी का कहना है कि केन्द्र सरकार ने राशि में 10 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। कांग्रेस संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा



कि छत्तीसगढ़ के बीजेपी नेता बार-बार राज्य पर अहसान जता रहे है कि राज्य, केन्द्र के सहयोग से चल रहा है, लेकिन हकीकत ये है कि केंद्र, राज्य को देता कम है और वसूलता ज्यादा है।

केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के भरोसे चल रही ना की छत्तीसगढ़ केंद्र के रहमोकरम पर चल रहा है। केंद्र की योजनाओं में केंद्रांश को घटा दिया गया है और राज्यांश को बढ़ा दिया है कई योजनाओं के मद में छग को वंचित रखा गया है।

इधर बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता का कहना है कि केन्द्र में जब से मोदी सरकार बनी है तब से राज्यों को 42 प्रतिशत दिया जा रहा है। जबकि यूपीए की सरकार के समय 32 फीसदी हिस्सा राज्यों को दिया जाता था। पीएम नरेन्द्र मोदी ने राज्यांश में 10 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने 2 लाख करोड़ रू छत्तीसगढ़ को दिए हैं जबकि मनमोहन सरकार के समय केवल 85 हजार करोड़ ही मिलता था।

## वार्डों में जाएंगे भाजपा पार्षद, गिनाएंगे महापौर की विफलताएं

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने प्रेसवार्ता ली, जिसमें मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि, महापौर एजाज ढेबर के कार्यों की विफलताओं को गिनाने का काम किया जाएगा। महापौर की पोल खोल यात्रा की शुरूआत की जाएगी। भाजपा कल से 10 तारीख तक पोल खोल यात्रा अभियान चलाने वाली है। जिसमें सभी भाजपा पार्षद वार्डों में जाएंगे। यात्रा के दौरान महापौर एजाज ढेबर के कामों की पोल खोली जाएगी। कल जय स्तंभ चौक से इस यात्रा



की शुरुआत होगी। प्रेसवार्ता को दौरान नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि, 3 साल में महापौर एजाज ढेबर ने कोई काम नहीं किया। शहर में कोई भी जगह विनाश से अछूती नहीं है। केंद्र सरकार करोड़ों रुपए नगर निगम को दे रही है। लेकिन काम नहीं हो रहा, केंद्र के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। महापौर ने पूरे शहर को खोदा पुर में बदल दिया है। यानी विकास के नाम पर जनता को ठगा जा रहा है।

# नूंह की साम्प्रदायिक हिंसा षड्यंत्र और सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत हो रही है

हरियाणा के जिला नूंह में धार्मिक शोभायात्रा पर पथराव के बाद भड़की साम्प्रदायिक हिंसा ने जो विकराल रूप लिया है वह भयावह एवं चिन्ताजनक तो है ही, यह सवाल भी छोड़ता है कि कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की ऐसी घटनाएं आखिर थम क्यों नहीं रही हैं? क्यों प्रशासन अराजक तत्वों के आगे इतना बेबस हो जाता है? क्यों चुनावों से पहले ही ऐसी अराजक एवं साम्प्रदायिक शक्तियां सक्रिय होकर देश की शांति एवं सौहार्द की स्थितियों को तार-तार करने लगती हैं?

क्यों नफरती, घृणा एवं द्वेष के भड़काव भाषणों पर नियंत्रण का बांध नहीं बांधा जाता? क्यों बार-बार सुप्रीम कोर्ट से इस तरह की हिंसा, आगजनी एवं साम्प्रदायिकता के खिलाफ गुहार लगानी पड़ती है? अगर हर बार हिंसा रोकने के लिये गुहार न्यायपालिका से करनी पड़े, तो विधायिका एवं कार्यपालिका की सार्थकता कितनी रह जाती है? इन प्रश्नों के अलावा मूल प्रश्न है कि आखिर नूंह की घटना ने समूचे हरियाणा को हिंसा की आग में क्यों और किस तरह झोंक दिया और इसका जिम्मेदार कौन है?

नूंह की साम्प्रदायिक हिंसा एक षड्यंत्र एवं सुनियोजित साजिश थी। इस हिंसा के मामले में आवश्यकता इसकी भी है कि उसके पीछे के कारणों की तह तक जाया जाए, क्योंकि इतनी भीषण हिंसा बिना किसी सुनियोजित साजिश के नहीं हो सकती। नूंह में भयावह साम्प्रदायिक उन्माद एवं हिंसा में जलाभिषेक यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के साथ पुलिस को निशाना बनाया गया, बड़े पैमाने पर आगजनी, गोलीबारी और लूटपाट हुई, तभी इसके प्रतिक्रियास्वरूप अन्य इलाकों में हिंसा हुई, जिससे बचा जा सकता था। एक वर्ग विशेष में इस तरह की हिंसा को जानबूझकर दावानल बनने दिया जा रहा है, जिसका विस्फोट कभी हरियाणा तो कभी दिल्ली, कभी राजस्थान तो कभी अन्य प्रांतों में होता रहता है, जिसमें राजनीतिक दलों के अलावा, बुद्धिजीवी वर्ग एवं मीडिया की सक्रिय भूमिका है। इन पर नियंत्रण के लिये जरूरत सख्त कदम उठाने की हैं। नूंह हो या दिल्ली, किसी भी दोषी को बचाने की जरूरत नहीं है। हम आज एक अराजक एवं उन्मादी तत्व को बचायेंगे तो कल ऐसे दस पैदा हो जायेंगे। इसके लिये उत्तर प्रदेश का योगी मॉडल ही कारगर है।



> नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक जीवन को अस्त-व्यस्त कर रही है। प्रमुख रूप से गलती राजनेताओं और सरकार की है। कहीं, क्या कोई अनुशासन या नियंत्रण है? निरंतर साम्प्रदायिकता का दावानल फटता रहता है।

साम्प्रदायिक तनाव एवं हिंसा की हर घटना के बाद एहतियाती उपाय भी खूब होते हैं लेकिन इस अहम सवाल का जवाब हमेशा बहुत पीछे छूट जाता है कि आखिर दंगों की ऐसी आग, आए दिन देश के अलग-अलग हिस्सों को क्यों झुलसाने लगी है? दूसरा सवाल यह भी कि ऐसी साम्प्रदायिक हिंसा के लिए दोषी किसे ठहराया जाए? नूंह के मामले को भी बारीकी से समझा जाए तो लगता है कि प्रशासन और पुलिस ने इस धार्मिक जुलूस को लेकर सोशल मीडिया पर हो रही बयानबाजी को गंभीरता से नहीं लिया। संवेदनशील इलाकों में धार्मिक जुलूस की अनुमति देने से पहले जो पड़ताल की जानी चाहिए वह आखिर क्यों नहीं की गई? नूंह ही नहीं, बल्कि ऐसे सभी मामलों में सरकार में बैठे लोगों को इन सवालों के जवाब गंभीरता से तलाशने होंगे। एक बात और, ऐसे दंगों के बाद राजनेताओं और धर्म के ठेकेदारों के बयानों पर भी नजर रखनी होगी जो बेवजह समुदायों को उकसाने का काम करते हैं। हेट-स्पीच का बढ़ता प्रचलन ऐसी साम्प्रदायिक हिंसा को भड़काने का मूल कारण है। न जाने कितने नफरती भाषण ऐसे रहे, जिनमें किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। नूंह की हिंसा के मामले में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भड़काऊ भाषण दोनों पक्षों की ओर से दिए गए। स्पष्ट है कि दोनों पक्षों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए कि नफरती तत्वों को जरूरी सबक मिले। कई बार तो घोर आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषण को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आवरण पहना दिया जाता है।

भड़काऊ भाषणों पर कार्रवाई के मामले में दोहरे मानदंड समस्या को बढ़ाने वाले ही सिद्ध हो रहे हैं। यह जो साबित करने की कोशिश हो रही है कि ऐसे भाषण केवल किसी एक विशेष समूह या विचारधारा से जुड़े लोग ही दे रहे हैं, वह एक शरारती एजेंडा है और उसे बेनकाब करने की आवश्यकता है। क्योंकि हिंसा करने वाले दोषी लोगों से ध्यान हटाने यह एक जरिया है। देश में दंगों की आग कब और कहां भड़क जाए, यह कोई नहीं जानता। खास तौर पर धार्मिक जुलूस निकालने को लेकर छिड़ा कोई विवाद जब साम्प्रदायिक तनाव में बदल जाए तो फिर हिंसा की आग बेकाबू होते देर नहीं लगती। यह सवाल इसलिए भी जरूरी है क्योंकि ऐसी घटनाओं में हर बार जान-माल का भारी नुकसान सरकारी दस्तावेज में सिर्फ आंकड़ा बन कर ही रह जाता है।

नूंह के दंगों की आग ने जो विकराल रूप लिया, उसके चलते वहां कर्फ्यू लगाने की नौबत आ गई है। हरियाणा के छह जिलों में निषेधाज्ञा लगाने के साथ-साथ हरियाणा से सटे राजस्थान के भरतपुर में भी अलर्ट जारी करना पड़ा है। नूंह दंगों की आंच गुरुग्राम तक जा पहुंची है जहां एक धार्मिक स्थल को भीड़ ने आग के हवाले कर दिया जिसमें एक जने की मौत हो गई, मौतें तो और भी हुई हैं।

ललित गर्ग

## संपादकीय

### ट्रंप नहीं बच पाएंगे अमेरिकी कानून से

इट्स ऑफिशियल। तो डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आपराधिक मुकदमे की चार्जशीट। अगले साल छह जनवरी को लोकतंत्र को कुचलने के आरोप में शुरू होगा मुकदमा। पूर्व राष्ट्रपति पर चार आरोप हैं। अभियोजन ने कहा है कि "चुनाव हारने के बाद भी प्रतिवादी (ट्रंप) सत्ता पर काबिज रहने के लिए दृढ़ संकल्पित थे। ट्रंप के खिलाफ इस नए मामले की सुनवाई का काम दो महिला जजों को सौंपा गया है। गुरूवार को पूर्व राष्ट्रपति अमेरिकी मजिस्ट्रेट जज मोक्सिला ए उपाध्याय के समक्ष पेश होंगे, जिन्हें सन् 2022 में आठ साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया था। कोर्ट की वेबसाइट पर दिए गए विवरण के अनुसार, उनका जन्म भारत में हुआ था। उनका बचपन अमेरिका के कन्सास शहर में गुजरा। उन्होंने कानून की शिक्षा लेने के पहले पत्रकारिता की डिग्री हासिल की। छह जनवरी वाले प्रकरण की सुनवाई अमेरिका जिला न्यायालय की न्यायाधीश तान्या चुटकन करेंगीं जो पहले वकील थीं और जिन्हें फेडरल ब्रांच में बराक ओबामा द्वारा नियुक्त किया गया था। शक नहीं कि यह चार्ज कानून के राज, लोकतंत्र और उसकी संस्थाओं की जीत है। लोकतंत्र-समर्थक विशेषज्ञों ने इसका स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे लोकतंत्र के विचार और उसकी पालना में लोगों का विश्वास फिर से स्थापित होगा। विशेष प्रोसिक्यूटर की इस घोषणा का स्वागत और सराहना दोनों है। इसलिए भी क्योंकि इससे ट्रंप और उनके समर्थकों द्वारा दी जा रही धमकियों के मद्देनजर अमेरिका की चुनाव व्यवस्था मजबूत होगी।

अभियोग में ट्रंप पर चार आरोप हैं- अमेरिका से धोखाधड़ी करने की साजिश, आधिकारिक काम में बाधा डालने की साजिश, आधिकारिक काम में बाधा डालना और बाधा डालने का प्रयास करना तथा 2020 के चुनाव परिणामों को बदलने और सत्ता में बने रहने के लिए षड्यंत्र और सतत अनुचित प्रयास करना।

# महाविनाश से बचना है तो रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करवाने के लिए आगे आये दुनिया

> रूस-यूक्रेन युद्ध से हो रहे और होने वाले मानव जाति को महाविनाश से बचाने के लिए अभी रूस-अफ्रीका फ़ोरम प्रयास कर रहा है, आज जबकि इस युद्ध को रुकवाने में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका का कोई महत्व नहीं, ऐसे में इस युद्ध को रुकवाने के लिए पूरी दुनिया को आगे आना चाहिए। सबको अपने प्रयास करने चाहिए। डेढ़ साल से चल रहा ये युद्ध किसी भी समय परमाणु हमले की जद में आ सकता है।

इस युद्ध में हिरोशिमा-नागासाकी के बाद फिर से मानव जाति के महाविनाश की कहानी लिखी जा सकती है। इसकी खास बात ये होगी कि इस बार महाविनाश हिरोशिमा नागासाकी से कई गुना भारी होगा, क्योंकि अब परमाणु बमों की क्षमता पहले से बहुत अधिक है। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन जंग के शुरू होने पर लगा था कि लड़ाई एकतरफा है। रूस के सामने यूक्रेन नहीं टिक पाएगा, किंतु हुआ सोच के विपरीत। डेढ़ साल बाद भी यूक्रेन मजबूती के साथ रूस के सामने खड़ा है। सूचनाएं आ रही हैं कि यूक्रेन अब बढ़त ही ओर है। यूकेन का रूस पर बढ़त लेना बहुत ही खतरनाक संकेत है। रूस अपने को परास्त होता देख अपने सम्मान और हनक की खातिर परमाणु शस्त्रों का प्रयोग करने से कभी नहीं चूकेगा और यदि ऐसा हुआ तो मानव जाति का महाविनाश हो सकता है। रूस ने वर्ष 2014 में यूक्रेन का हिस्सा रहे क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। इससे पहले भी रूस और यूक्रेन के बीच इस क्षेत्र को लेकर काफी तनाव बना हुआ था। ऐसा इसलिए क्योंकि सोवियत संघ ने इस क्रीमिया क्षेत्र को तोहफे के रूप में यूक्रेन को सौंपा था। साल 2015 में फ्रांस और जर्मनी ने मध्यस्थता करते हुए रूस और यूक्रेन में शांति समझौता करवाया था। यूक्रेन और रूस में समझौते के बाद यूक्रेन पश्चिमी देशों से अपने अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध अच्छे बनाने में जुट गया, यह रूस की मर्जी क विरुद्ध था। रूस नहीं चाहता था कि यूक्रेन के संबंध किसी भी पश्चिमी देश का अच्छे हों, यूक्रेन चाहता था कि वह नाटो देशों के समूह में शामिल हो। यूक्रेन रूस से सटा देश है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसके खिलाफ थे। वे नहीं चाहते थे कि नाटो की सेना की आमद उसकी सीमा तक हो जाए। यूक्रेन के न मानने पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को युद्ध का निर्णय लेना पड़ा। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ही नहीं, पूरी दुनिया मान रही थी कि रूस का मुकाबला यूक्रेन के लिए संभव नहीं, किंतु यूक्रेन भारी नुकसान के बाद भी युद्ध का मुकाबला करता रहा। शुरुआत में उसका कुछ भाग रूस के कब्जे में चला गया। रूस-यूक्रेन का सबसे ज्यादा असर यूक्रेन के आम लोगों पर पड़ रहा है। इसका कारण यह है कि युद्ध यूक्रेन की जमीन पर हो रहा है। इस युद्ध के चलते एक अनुमान के अनुसार यूक्रेन में 8000 से अधिक आम लोगों की मौत हो चुकी है। 80 लाख से अधिक लोगों ने यूक्रेन छोड़ दिया जबकि करीब 1.4 करोड़ लोगों को विस्थापित होना पड़ा। इस युद्ध में अब तक रूस के एक लाख 45 हजार से अधिक सैनिकों की मौत हो चुकी है, वहीं यूक्रेन को भी अपने एक लाख सैनिकों की जान से हाथ धोना पड़ा है। युद्ध के चलते यूक्रेन में करीब 138 अरब डॉलर का इन्फ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। यूक्रेन के 1100 से ज्यादा अस्पताल और 1,49,300 रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ओलेग उस्तेंको के मुताबिक, यूक्रेन को युद्ध की वजह से एक ट्रिलियन डॉलर (करीब आठ लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है। दूसरी तरफ रूस अब तक युद्ध में करीब 8,000 अरब रुपये फूंक चुका है। दूसरी तरफ अमेरिका और यूरोप मिलकर यूक्रेन की मदद के नाम पर युद्ध में 12,520 अरब रुपये झोंक चुके हैं। भोजन और ईंधन की बढ़ी हुई कीमतें, बाधित आपूर्ति श्रृंखला, महंगाई और बेरोजगारी जैसे कारकों को शामिल कर देखा जाए, तो युद्ध की वजह से पूरी दुनिया पर करीब 24 लाख करोड़ रुपये (तीन ट्रिलियन डॉलर) का बोझ पड़ा है।



> फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन जंग के शुरू होने पर लगा था कि लड़ाई एकतरफा है। रूस के सामने यूक्रेन नहीं टिक पाएगा, किंतु हुआ सोच के विपरीत। डेढ़ साल बाद भी यूक्रेन मजबूती के साथ रूस के सामने खड़ा है। सूचनाएं आ रही हैं कि यूक्रेन अब बढ़त ही ओर है।

नाटो देश इस युद्ध में सीधे तो शामिल नहीं हुए किंतु वह यूक्रेन की सैन्य मदद कर रहे हैं। यूक्रेन का उत्साह बढ़ाने को अमेरिका सहित कुछ देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने यूक्रेन का दौरा भी किया। यूक्रेन को युद्ध में प्रत्येक प्रकार की सैन्य सहायता का वायदा नहीं किया अपितु सैन्य अस्त्र-शस्त्रों की आपूर्ति बढ़ाई। इन्हीं अस्त्र-शस्त्रों के बल पर यूक्रेन रूस के आगे टिका है। हाल ही में अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने यूक्रेन को क्लस्टर बम सौंप दिए। उन्होंने यह भी कहा है कि अगर यूक्रेन ने रूस के खिलाफ इस हथियार का इस्तेमाल किया तो वह भी इसका कड़ा जवाब देंगे। दरअसल क्लस्टर बम एक बेहद खतरनाक हथियार है।

अशोक मधुप

## मिला जुला

# नूंह हिंसा में रोहिंग्या मुसलमानों का भी हाथ, खट्टर सरकार ने चलाया बुलडोजर

नूंह। हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद अब इसके गुनहगारों की तलाश चल रही है। शुरुआती जांच में रोहिंग्या मुसलमानों के भी हिंसा में शामिल होने की बात सामने आने के बाद हरियाणा सरकार बड़ा ऐक्शन लिया। प्रशासन ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ बुलडोजर चला दिया है। बुलडोजर से उनकी बस्ती को उजाड़ दिया गया।

पुलिस ने तावडू में बसे रोहिंग्याओं और अवैध घुसपैठियों के अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाया है। जांच में सामने आया है कि ये लोग हिंसा में शामिल थे। इन रोहिंग्याओं ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ था। बताया जा रहा है कि शुरुआती जांच में ये लोग हिंसा में शामिल पाए गए। ऐसे में पुलिस ने उन्हें जगह खाली करने को कहा था।



तावडू की इस बस्ती में दर्जनों रोहिंग्या परिवार पिछले कुछ सालों से रह रहे थे। ये लोग यहां कचरा उठाने और कबाड़ बेचने का काम करते हैं। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर इन्होंने अपनी झोपड़ियां बनाई थीं और कबाड़ एकत्रित करके रखा था। भारी सुरक्षा इंतजाम के बीच प्रशासन ने बुलोडजर से सबकुछ ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने कई रोहिंग्या मुसलमानों को हिंसा में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया है। नूंह में पुलिस अब तक 176 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

नूंह में 31 मार्च को ब्रजमंडल यात्रा पर हमले के बाद मेवात से गुरुग्राम तक हिंसा भड़क उठी थी।. हिंसा में 6 लोगों की मौतो हो गई तो दर्जनों घायल हो गए। सैकड़ों वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया तो कई दुकानें लूट ली गईं। हरियाणा सरकार ने हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त ऐक्शन का आदेश दिया है।मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा है कि उपद्रवियों को नुकसान की भरपाई करनी होगी।

## एक नजर

### चुनाव परिणाम पलटने के आरोप में कोर्ट में पेश हुए ट्रंप, खुद को बताया निर्दोष, कहा- अमेरिका के लिए दुखद दिन



नई दिल्ली। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2020 के चुनाव पलटने की कोशिश के आरोपों का सामना करने के लिए गुरुवार को वाशिंगटन कोर्ट में पेश हुए. इस दौरान उन्होंने कोर्ट में खुद को निर्दोष बताया. अब इस मामले में कोर्ट 28 अगस्त को सुनवाई करेगी. ट्रंप ने कोर्ट में अमेरिकी मजिस्ट्रेट मोक्सिला उपाध्याय के समक्ष अपनी याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने खुद को निर्दोष बताया. करीब आधे तक चलने वाले इस केस की कार्यवाही यूएस कैपिटल से करीब एक किलोमीटर दूर वाशिंगटन कोर्ट हाउस में हुई, जिस बिल्डिंग पर ट्रंप के समर्थकों ने छह जनवरी, 2021 को हमला बोल दिया था.

## सुप्रीम कोर्ट से भी मुस्लिम पक्ष को झटका

# 'ज्ञानवापी में जारी रहेगा एएसआई सर्वे'

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के एएसआई सर्वे के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है. चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मुस्लिम पक्ष से पूछा कि एएसआई के सर्वे से क्या दिक्कत है? उधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में आज से आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया सर्वे शुरू हो गया.

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका को खारिज कर दिया था.

सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद के,स्द्ध सर्वे की अनुमति देते हुए कहा कि मस्जिद की दीवारों या ढांचे को कोई खुदाई या क्षति नहीं होनी चाहिए. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद प्रबंधन समिति की उस मांग को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एएसआई की फाइनल रिपोर्ट को सीलबंद कवर में रखा जाए.



### पांच घंटे बाद बाहर निकले वकील

वाराणसी। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर में सर्वे को जारी रखने का आदेश दिया था। जिसके बाद आज सुबह से सर्वे की प्रक्रिया जारी है। दोपहर 12.30 बजे इसे जुमे की नमाज के लिए रोका गया। इस दौरान बाहर निकले अधिवक्ता सुधीर ने मीडिया से बात करते हुए अंदर की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया ज्ञानवापी के अंदर तीन से चार टीमें बारिकी से हर पहलु का अध्यन कर रही हैं, बिना बाधा के काम जारी है। सर्वे की टीम सफाई से घास को हटाकर मशीन लगाई जा रही है, मशीन के द्वारा जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि वकीलों को दूर खड़े होकर सिर्फ कार्रवाई देखने की अनुमति है। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ASI की टीम अपना काम बहुत बारिकी से कर रहे हैं। वह एक-एक चीज पर रिसर्च कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि अंदर कोई लेख मिल रहा है, तो उसकी फोटो खींची जा रही है, यंत्रों के माध्यम से उन्हें समझने की कोशिश की जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

# राहुल गांधी की सजा पर रोक, बहाल होगी संसद सदस्यता

**मोदी** सरनेम केस के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए राहुल की सजा पर रोक लगाई है. जज ने राहुल गांधी को राहत देते हुए कहा, हम सेशंस कोर्ट में अपील लंबित रहने तक राहुल की दोषसिद्धि पर रोक लगा रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत मिलने पर कांग्रेस ने कहा, यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है. सत्यमेव जयते-जय हिंद.



राहुल गांधी के इस मामले की सुनवाई जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ कर रही थी. राहुल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत में तर्क देते हुए कहा कि खुद शिकायतकर्ता (पूर्णेश) का मूल सरनेम ही मोदी नहीं है. उनका मूल उपनाम भुताला है. फिर यह मामला कैसे बन सकता है. सिंघवी ने कोर्ट को ये भी बताया कि राहुल ने जिन लोगों का नाम लिया, उन्होंने केस नहीं किया. उन्होंने कहा, यह लोग कहते हैं कि मोदी नाम वाले 13 करोड़ लोग हैं, लेकिन ध्यान से देखा जाए तो समस्या सिर्फ बीजेपी से जुड़े लोगों को ही हो रही है.

**'राहुल को दी गई अधिकतम सजा' :** अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में राहुल का पक्ष रखते हुए कहा कि इस मामले में मानहानि केस की अधिकतम सज़ा दे दी गई. इसका नतीजा यह होगा कि राहुल गांधी 8 साल तक जनप्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे. उन्होंने शीर्ष अदालत को बताया हाईकोर्ट ने 66 दिन तक आदेश सुरक्षित रखा. राहुल लोकसभा के 2 सत्र में शामिल नहीं हो पाए हैं.

### नहीं रहे छत्तीसगढ़ के पहले मुख्य न्यायाधीश



इंफाल. छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश डब्लू ए शिशाक (82) का कल रात यहां अस्पताल में निधन हो गया। मणिपुर के उखरूल जिले के ग्राम शांगसाक में 1941 में उनका जन्म हुआ था। वे देश के किसी हाईकोर्ट (हिमाचल) में पहले आदिवासी न्यायाधीश रहे। और फिर नवंबर में गठित छत्तीसगढ़ के पहले सीजे रहे।

# भंग होगी पाकिस्तान की नेशनल असेंबली, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने किया ऐलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अगले चुनाव का रास्ता साफ हो गया है. प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को नेशनल असेंबली को 9 अगस्त को भंग करने का ऐलान किया है. संसद भंग होने के साथ कार्यवाहक सरकार अगले चुनाव तक पाकिस्तान पर शासन करेगी।



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद सदस्यों के सम्मान के लिए डिनर का आयोजन किया गया था. इस दौरान शहबाज ने सांसदों से आगामी चुनाव को लेकर सुझाव मांगे और कार्यवाहक प्रधानमंत्री और कार्यवाहक सेटअप के लिए व्यवस्थाओं पर बात की. सांसदों से रायशुमारी के बाद प्रधानमंत्री शहबाज की तरफ से संसद को भंग करने का ऐलान किया. रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 9 अगस्त को संसद भंग करने के लिए राष्ट्रपति को औपचारिक सुझाव भेजेंगे. संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, राष्ट्रपति को 48 घंटे के भीतर सुझाव पर हस्ताक्षर करने होते हैं।

**मतदाता जागरूकता अभियान की सभी गतिविधियों में सहभागी बनें युवा**

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी दी

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।



भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत 2 अगस्त से 31 अगस्त 2023 तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी फिजीकल ट्रेनर्स और एनएसएस के प्रतिनिधियों व विद्यार्थियों की बैठक लेकर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया, साथ ही स्वीप की सभी गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने आगामी 6 अगस्त को फ्रें डशिप डे पर आयोजित कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी बैठक में जानकारी दी गई। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत मतदान केन्द्रों में प्रारूप 6, 7 और 8 प्रारूप भरवाकर नए मतदाता का नाम शामिल करने, वोटर आईडी कार्ड में आवश्यक संशोधन करने और मृत्यु हो चुके अथवा स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम विलोपित करने का कार्य बीएलओ के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी एक अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवक-युवती भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाकर आगामी निर्वाचन में सम्मिलित हो सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि आयोग के निर्देशानुसार आगामी 12, 13, 19 और 20 अगस्त को विशेष कार्यक्रम आयोजित कर जिले के सभी वोटरों को जागरूकता अभियान के जरिए प्रोत्साहित एवं प्रेरित भी किया जाएगा। इसके अलावा स्वीप के नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान और उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने भी स्वीप के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर उपस्थित युवक-युवतियों को जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय, एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा भी मौजूद रहे।




## एक नजर

### 15 वर्षीय बालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



अखराभांठा निवासी वागेश उर्फ विक्की ने 2 अगस्त की दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, आत्महत्या का कारण अब तक अज्ञात है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वागेश सिंह सिदार पिता रामेश्वर सिंह सिदार अमापाली, हाल मुकाम अखराभांठा सक्ती, आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कसेर पारा सक्ती में 10 वीं कक्षा की पढ़ाई करता था। अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, जिसका आज पोस्टमार्टम हुआ और पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। सूत्रों की मानें तो वागेश 10 वीं कक्षा में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी मीडियम पड़ता था। वहीं मूल्यांकन परीक्षा में उसका कम नंबर आया था। जिसे लेकर वागेश के पिता को स्कूल बुलाया गया था जिसके बाद से ही वागेश थोड़ा उखड़ा हुआ था। मृतक के पिता रामेश्वर सिंह सिदार जांजगीर में होमगार्ड में नौकरी करते हैं और वागेश की पढ़ाई के कारण सक्ती में किराए के मकान में रहते हैं, मृतक की मां को लेने जब उसके पिता घर से निकले तो वागेश घर पर ही था। फिर थोड़ी देर बाद फांसी लगा ली। लेकिन मामले में स्कूल प्रबंधन के ऊपर भी उंगलियां उठाई जा रही है। इस संबंध में जांच अधिकारी का कहना है कि अभी तो मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया है। जांच आगे बढ़ेगी तो मामले की तह तक पहुंच हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जाएगी।

### जिले में 665.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 3 अगस्त तक 665.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 19.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 581.2 मिली मीटर, पुसौर में 696, खरसिया में 436.8, घरघोड़ा में 554.1, तमनार में 648.3, लैलूंगा में 685.8, मुकडेगा में 790.2, धरमजयगढ़ में 794.1, छाल में 587 एवं कापू में 879.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### एनएसपी पोर्टल में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का प्रथम चरण 10 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले में संचालित विद्यालय, महाविद्यालय, आईटीआई, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग, इंजीनियरिंग एवं पालीटेक्निक में संस्था प्रमुख एवं छात्रवृत्ति प्रभारी का एनएसपी पोर्टल पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण जिला मैनेजर सीएससी के द्वारा कराया जाना है। जिसके लिए प्रथम चरण हेतु संस्था प्रमुख एवं छात्रवृत्ति प्रभारी का 10 अगस्त 2023 तक किया जाएगा। जिसके लिए जिला मैनेजर सीएससी द्वारा कैम्प शा.किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ 7 अगस्त 2023 को महाविद्यालय के संस्था प्रमुख एवं छात्रवृत्ति प्रभारी का तथा 8 अगस्त 2023 को विद्यालय के संस्था प्रमुख एवं छात्रवृत्ति प्रभारी का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जाना है।

# 15 वर्षीय बालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जोहार छत्तीसगढ़- सक्ती।






अखराभांठा निवासी वागेश उर्फ विक्की ने 2 अगस्त की दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, आत्महत्या का कारण अब तक अज्ञात है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वागेश सिंह सिदार पिता रामेश्वर सिंह सिदार अमापाली, हाल मुकाम अखराभांठा सक्ती, आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कसेर पारा सक्ती में 10 वीं कक्षा की पढ़ाई करता था। अज्ञात कारणों से फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, जिसका आज पोस्टमार्टम हुआ और पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। सूत्रों की मानें तो वागेश 10 वीं कक्षा में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी मीडियम पड़ता था। वहीं मूल्यांकन परीक्षा में उसका कम नंबर आया था। जिसे लेकर वागेश के पिता को स्कूल बुलाया गया था जिसके बाद से ही वागेश थोड़ा उखड़ा हुआ था। मृतक के पिता रामेश्वर सिंह सिदार जांजगीर में होमगार्ड में नौकरी करते हैं और वागेश की पढ़ाई के कारण सक्ती में किराए के मकान में रहते हैं, मृतक की मां को लेने जब उसके पिता घर से निकले तो वागेश घर पर ही था। फिर थोड़ी देर बाद फ ांसी लगा ली। लेकिन मामले में स्कूल प्रबंधन के ऊपर भी उंगलियां उठाई जा रही है। इस संबंध में जांच अधिकारी का कहना है कि अभी तो मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया है। जांच आगे बढ़ेगी तो मामले की तह तक पहुंच हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जाएगी।

# बाढ़ राहत के लिए कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने ली जिला प्रशासन की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला प्रशासन की बैठक ली। बैठक में जिले के बाढ़ से प्रभावित डुबान क्षेत्र के गांव के ग्रामीणों के व्यवस्थापन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता, आपदा से जुड़े समस्याओं के समाधान के बारे में राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, स्कूल शिक्षा, जल संसाधन, बिजली, पंचायत, पीडब्ल्यूडी, नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर और एसपी ने आपदा से जुड़े जिले के गावों की स्थिति, पानी भराव, पानी के कारण टापू जैसे स्थिति बनने वाले गांव के बारे में सभी अधिकारियों से यथा स्थिति की जानकारी ली। डॉ. सिद्दीकी ने सभी विभागों को बाढ़ आपदा के दौरान विभाग की तैयारी के बारे में जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसीपी महेश्वर नाग, एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला, डिप्टी कलेक्टर और जिले के बाढ़ राहत नोडल अधिकारी टी आर महेश्वरी, जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस के गुप्ता, एसडीओपी पुलिस स्नेहिल साहू, सीएसईबी के प्रभारी अधिकारी नरेंद्र नायक, सीईओ अभिषेक बनर्जी, सीएमओ राजेश पांडेय, मनीष गायकवाड़ जिले के सभी तहसीलदार और थाना प्रभारी आदि बैठक में शामिल हुए।

# रायगढ़ के मतदाता जागरूकता अभियान को भारत निर्वाचन आयोग ने अपने सोशल मीडिया पेज में दी जगह

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।




रायगढ़ में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कर नए मतदाताओं को जोड़ने के साथ लोगों को मतदान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। 2 अगस्त को विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दिन प्रात: मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली निकाली गई। जिले में चल रहे प्रयासों को सराहते हुए कार्यक्रम का वीडियो भारत निर्वाचन आयोग ने अपने सोशल मीडिया पेजेस में शेयर कर लोगों से मतदान की अपील की है। गौरलतब है कि 2 अगस्त को निकली साइकिल रैली में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव के साथ बड़ी संख्या में युवा, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग समुदाय के लोग शामिल हुए। मतदान का संदेश लेकर निकली रैली में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों को मतदाता सूची में अवश्य नाम जुड़वाने की अपील की गई। इसके साथ ही रायगढ़ जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप सतरंगी माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत पूरे जिले में विविध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। युवा मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने रायगढ़ के डिग्री कॉलेज में मतदान में युवाओं की भूमिका को लेकर व्याख्यान भी आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं ने मंच से अपने विचार साझा किए और मतदान का संकल्प दोहराया। जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए लोकतंत्र के इस उत्सव में अपने मत देने के अधिकार को कर्तव्य मान उसे पूरे जिम्मेदारी से निभाने की बात कही।

# सक्ति विधानसभा क्षेत्र का विकास देखना है तो हमारे साथ चले केदार कश्यप-श्याम सुंदर अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।




पूरे प्रदेश में भाजपा ने 15 सालों में भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाडा के सिवाय कुछ नहीं किया जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल जिला महामंत्री अमित राठौर आदिवासी कॉंग्रेस के प्रदेश सचिव सरवन सिदार ने भाजपा के पूर्व मंत्री केदार कश्यप के उस बयान पर पलटवार किया कि विकास नहीं होने के लिए स्थानीय विधायक जिम्मेदार है। जिला कॉंग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि 15 साल तक भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने भरे सभा मे सकती के जनता को जिले के नाम पर ठगा था कॉंग्रेस की सरकार बनते ही सक्ति वासियो का यह सपना पूरा करने वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरण दास महन्त हैं यदि डॉ. महन्त सकती से विधानसभा चुनाव नहीं लड़ते तो दूसरे किसी नेता में जिला बनाने की औकात नहीं थी जिला कॉंग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित राठौर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र सकती का विकास देखना है तो हमारे साथ चले और साथ मे भाजपा के नेताओं को भी साथ ले जिला किसान कॉंग्रेस के अध्यक्ष साधेश्वर गवेल ने कहा कि भाजपा के 15 साल के शासन काल मे बैलाचुआ जाजंग डोडकी रोड कैसे था वे बताये आज सकती के हर गांव में सड़क बिजली पानी की स्वास्थ्य के लिए डॉ महन्त ने सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य किये है और किसानों को बिना मांगे उनके धान खरीदी की जा रही हैं आदिवासी कॉंग्रेस के प्रदेश सचिव पूर्व जिला पंचायत सदस्य सरवन सिदार ने कहा कि भरतीय जनता पार्टी ने आदिवासी समुदाय का शोषण किया है ओर बार-बार अपमानित किया है केदार कश्यप अपना गिरेबान झांक कर देखे इतने साल सत्ता में रहकर आदिवासियों का कोई हित नहीं किया भाजपा अब न छत्तीसगढ़ में नहीं आएगी 2024 के लोकसभा चुनाव में भी केंद्र में नहीं रहेगी। वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने कहा कि जब भाजपा सरकार थी तब उनके पत्नी के स्थान पर अपने दूसरे रिस्तेदार को परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने बैठा एवं फर्जी एवं भ्रष्ट नेता है केदार कश्यप जिला कांग्रेस कमेटी की महामंत्री अमित राठौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 15 साल के सरकार में गांव-गांव में कमीशन का बोलबाला था घटिया काम होते से और सिर्फ कागजों पर काम होते थे। आजदी के बाद सकती विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने सड़कों का डामरीकरण गांव-गांव चौक चौराहे पर बिजली की व्यवस्था पहली बार सुव्यवस्थित विकास देखा है भाजपा सरकार द्वारा बनाये गए यात्री प्रतीक्षालय एवं कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय की तुलना कर कर देखें।

# भूपेश की युवाओं से भेट मुलाकात को ओपी ने बताया सेट मुलाकात

## सवाल पूछने के दौरान युवा से माइक छीनने पर ओपी ने किया सवाल

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

**प्रदेश भर के युवाओं से चर्चा करने हेतु भेंट मुलाकात आयोजन को सेट मुलाकात की संज्ञा देते हुए भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा बिलासपुर में इस आयोजन के दौरान युवाओं द्वारा बेरोजगारी को लेकर पूछे गए सवाल की वजह से सवाल कर्ता छात्र से माइक छीन लिए जाने की घटना अलोकतांत्रिक है।**



ओपी ने भूपेश बघेल से जानना चाहा सेट मुलाकात में जब कोई बिना सेटिंग का सवाल पूछ ले तो क्या इस तरह से माइक छीना जाना उचित है। बेरोजगारी की सवाल किए जाने पर माइक छिने जाने की घटना को युवाओं के साथ छल किए जाने की बानगी बताया। भर्ती माफि याओं ने पीएससी में भर्ती घोटाला करते हुए प्रदेश के लाखों गरीब छत्तीसगढ़िया युवाओं से श्रोजगार का अवसर ही छीन लिया । भूपेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री, बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रायोजित वाह.वाही कराते हैं। जबकि छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बेरोजगारी बिलासपुर जिले में है वही दूसरे नंबर पर उच्च शिक्षा मंत्री का गृह जिला रायगढ़ है। भूपेश सरकार द्वारा विधानसभा में प्रदेश में मौजूद 16 लाख 92 हजार 824 बेरोजगारों के पंजीकृत होने की जानकारी दी है ओपी ने आरोप लगाया कि आकड़ों को कम करने के लिए बहुत से बेरोजगारों के आवेदनो को त्रुटि निकालकर निरस्त कर दिया। सरकार द्वारा बेरोजगारी भत्ता दिए जाने के दावे की पोल खोलते हुए ओपी ने कहा सरकारी आंकड़ों के अनुसार 16 लाख 92 हजार 824 बेरोजगार पंजीकृत हैं जबकि प्रदेश सरकार ने केवल 1 लाख 72 हजार 553 बेरोज युवाओं को ही बेरोजगारी भत्ता दिया है इनमे अधिकतर कांग्रेसियों के रिश्तेदार हैं। बेरोजगारी भत्ता देने के लिए जानबूझकर इतने कड़े नियम बनाये गए कि ताकि स्थानीय गरीब छत्तीसगढ़ी युवा भत्ता पाने से वंचित रहे। बेरोजगारी भत्ता देने का वादा करके सत्ता मे आई कांग्रेस ने पांच सालो तक बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया भाजपा द्वारा इसका विरोध किए जाने पर इस ठगेश सरकार ने अपनी विदाई के छह माह पहले अपने करीबी लोगो को बेरोजगार बता कर बेरोजगारी भत्ता दिया गया। ओपी ने कहा भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ी युवाओं की सरकार नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की सरदार है।

# शराब की ओवर रेटिंग तथा नकली शराब बेचने का मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दिए थे जांच के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़- बलौदाबाजार।




बलौदाबाजार में शराब की ओवर रेटिंग और नकली शराब बेचने को लेकर पिछले कई माह से शिकायत आ रही थी। इस शिकायत को संज्ञान में लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने जांच के निर्देश दिए थे। आज भाटापारा पुलिस ऐसी ही एक सूचना पर पंचशील नगर भाटापारा में छापा मारकर बड़ी संख्या में शराब पैक करने की शीशी, ढक्कन और होलोग्राम बरामद की। यह मामला आबकारी विभाग का होने के कारण पुलिस जब्त किए गए माल और आरोपियों को आबकारी विभाग को सौंप दी। इसके बाद आबकारी विभाग ने पूरे प्रकरण में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू किया है। बता दें कि शिकायत है कि सहायक आयुक्त आबकारी विकास गोस्वामी खुद जिले से गायब रहते हैं। उनकी गैरमौजूदगी में आबकारी विभाग निरंकुश होकर काम कर रहा है। यहां तक कि शराब की ओवर रेटिंग पर बिकने के मामले भी सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं अवैध शराब की बिक्री के भी बड़ी संख्या में केस पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है। आरोप है कि आबकारी अधिकारियों की मिली भगत से अब जिले में नकली शराब खपाने का खेल चल रहा है। जिस मात्रा में शीशी, ढक्कन और लेबल बरामद किए गए हैं इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आबकारी विभाग जिले में कितना सक्रिय है। वहीं इस पूरी कार्रवाई पर सहायक आयुक्त आबकारी विकास गोस्वामी ने बताया कि शराब में मिलावट की सूचना पर जिला बलौदाबाजार भाटापारा की साइबर टीम, थाना भाटापारा शहर और आबकारी विभाग बलौदा बजार की संयुक्त कार्यवाही में मकान मालिक रोहित भारद्वाज के घर से उत्तर प्रदेश के रहने वाले महेश प्रताप सिंह और भाटापारा के सूरज कुर्रे के कब्जे से 100 नग देशी मशाला मदिरा का ढक्कन, 25 नग 180 एमएल की खाली शीशियाँ और एक बॉक्स में भरा रैपर भीगा हुआ बरामद किया गया है।आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 37 व 42 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर प्रकरण में आगे की जांच के लिए पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस मामले में जिस रोहित भारद्वाज को मकान मालिक बताया जा रहा है वह भाटापारा क्षेत्र की शराब दुकानों के सुपरवाइजर हैं। उनको पहले ईडी द्वारा पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। पूरी मामला को देखते हुए आबकारी में उथल-पुथल जैसे बातें सामने आ रही है क्या कुछ विषय है इस विषय में उच्च अधिकारियों का बयान लेकर के खबर पुन: प्रकाशित की जाएगी।

# जिले में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण बनाए रखने निगरानी हिस्ट्रीशीट खोलने तथा जिला बदर की कार्यवाही करने के दिए निर्देश

## आईजी सरगुजा रेंज अंकित गर्ग ने सूरजपुर जिले का किए दौरा

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग ने जिला सूरजपुर का प्रथम भ्रमण किया गया जहां उन्हें सर्वप्रथम गार्ड ऑन ऑनर दिया गया तत्पश्चात् आईजी सरगुजा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला की मौजूदगी में जिले के राजपत्रित अधिकारी व सभी थाना चौकी प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने आईजी सरगुजा को जिले की सामान्य जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान आईजी सरगुजा गर्ग ने थाना चौकी प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर अपनी प्राथमिकताओं के बारे में अवगत कराया और सभी प्रभारियों से उनके थानों में लंबित अपराधों के बारे में जानकारी ली और विवेचना से जुड़े बारीकियों से अवगत कराते हुए निराकरण के निर्देश दिए साथ ही उनके क्षेत्र की गतिविधियों को जानाए लंबित चिटफण्ड के मामलों की जानकारी लेते हुए मामलों का जल्द निराकरण को लेकर दिशा निर्देश दिए। आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए अभी से लग जाए। अपराधियों में पुलिस का भय होना और दिखना चाहिए, अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आपराधिक प्रवत्ति के लोगों के विरूद्ध निगरानी हिस्ट्रीशीट खोली जाए तथा जिला बदर की कार्यवाही कराई जाए, जमीन संबंधी विवाद के मामले में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए अनिवार्य रूप से बाउन्ड ओव्हर की कार्यवाही कराई जाए, बेसिक पुलिसिंग करते हुए थाना में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना जाए और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएए जिले में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए जरूरी कदम उठाए जाए एवं सम्पत्ति संबंधी अपराधों को घटित होने से रोके और पंजीबद्ध मामलों का निकाल तत्परतापूर्वक करें। आईजी सरगुजा ने नशे के विरूद्ध जीरो टारलेस की रणनीति अपनाते हुए नशे के कारोबार के खिलाफसख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साईबर अपराध एवं आमजनता को ठगी से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में जरूरी कदम उठाने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, डीएसपी एम्मानुएल लकड़ा, सिरिल एक्का, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, जिले के सभी थाना.चौकी प्रभारीगण मौजूद रहे।

# जिले के उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दुकानों में अनियमितता पर कृषि विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही

## 30 सहकारी एवं 28 निजी उर्वरक एवं बीज विक्रय केद्रों का किया गया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





खरीफ सीजन में धान की खेती जोरो पर है इसके साथ ही उर्वरक एवं कीटनाशकों की मांग बढ़ती जा रही है। जिले में उर्वरक एवं कीटनाशकों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार मिलावट या कमी नहीं हो इसके लिए कृषि विभाग द्वारा पूरी तरह से कठोर कार्यवाही की जा रही है। कृषि विभाग, कोरबा द्वारा किसानों को सही कीमत व उनके मांग अनुसार समय पर खाद उपलब्ध हो सके इसके सघन अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही सहकारी एवं निजी दुकानों में किसी भी प्रकार की अनियमिता जैसे-पी.ओ.एस. मशीन एवं भौतिक स्कंध, अमानक स्तर के खाद, बीज एवं कीटनाशक दवा की बिक्री, गोदाम में उर्वरक, बीज भंडारण की स्थिति आदि प्रकार की अनियमिता पाये जाने के स्थिति में तत्काल विक्रय पर प्रतिबंध लगाते हुए कारण बताओ नोटिस दिया जा रहा है। और आगे भी यह प्रक्रिया सतत रूप से जारी रहेगा। जिले के किसानों को समय पर उच्च गुणवत्ता का खाद बीज एवं कीटनाशक दवाएं प्राप्त हो इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह कड़ाई करते हुए लगातार सभी उर्वरक एवं बीज विक्रय केद्रों में निरीक्षण किया जा रहा है। सभी विक्रय केन्द्रों में निरीक्षण करते हुए समस्त दस्तावेज स्कंध पंजी, बिल बुक, लाइसेंस के साथ पीओएस स्टॉक का निरीक्षण किया जा रहा है। अत: जिले के कुल 30 सहकारी एवं 28 निजी उर्वरक एवं बीज विक्रय केद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। जिसमें 9 निजी विक्रय केन्द्रों में अनियमिता पाये जाने पर स्पष्टीकरण वि.ख.-करतला के मेसर्स पटेल खाद भंडार, ढोढ़ातराई, मेसर्स किसान क्लब, मेसर्स युवराज ट्रेडर्स वि.खं.-पाली के मेसर्स गोस्वामी कृषि केन्द्र, मेसर्स किसान बीज भंडार, मेसर्स शिव खाद भंडार, मेसर्स नटवरलाल एण्ड संस पाली एवं विकासखंड-कोरबा के मेसर्स कबीर एग्रो में स्पष्टीकरण नोटिस दिये जाने के साथ-साथ जिले के मेसर्स जायसवाल खाद भंडार, पाली में अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा की अंतिम तिथि में हुई वृद्धि

## किसान अब 16 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में फसलों के होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन संबंधी अधिसूचना छ.ग.शासन द्वारा जारी की गई है। पूर्व में जारी आदेशानुसार खरीफ वर्ष 2023 में फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई थी, जो अब बढ़कर 16 अगस्त हो गई है।

उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के लिए खरीफ मौसम में धान सिंचित व असिंचित, मक्का, सोयाबीन, मूँगफली, तुअर (अरहर), मूँग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी (मड़वा) फसल को अधिसूचित किया गया है। धान सिंचित के लिए 47000 रूपये व धान असिंचित के लिए 36000 रू, मक्का के लिए 32000 रू, सोयाबीन के लिए 29000 रूपये, मूँगफली के लिए 43200 रूपये, तुअर (अरहर) के लिए 31000 रूपये, मूँग के लिए 24000 रूपये, उड़द के लिए 22000 रूपये, कोदो के लिए 15000 रूपये, कुटकी के लिए 16000 रूपये, रागी (मडवा) के लिए 11000 रूपये प्रति हेक्टेयर बीमि त राशि है तथा कृषकों के लिए प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत है। धान सिंचित के लिए 940 रूपये, धान असिंचित के लिए 720 रूपये, मक्का के लिए 640 रूपये, सोयाबीन के लिए 580 रूपये, मूँगफली के लिए 864 रूपये, तुअर (अरहर) के लिए 620 रूपये, मूँग के लिए 480 रूपये, उड़द के लिए 440 रूपये, कोदो के लिए 300 रूपये, कुटकी के लिए 320 रूपये, और रागी (मड़वा)के लिए 220 रूपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि निर्धारित की गई है। धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन फसल के लिए ग्राम को ईकाई क्षेत्र एवं मूँगफली, तुअर (अरहर),मूँग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी (मडवा) फसल के लिए राजस्व निरीक्षक मंडल को ईकाई क्षेत्र माना गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भूधारक कृषक, बटाईदार व वन पट्टाधारी कृषक ले सकते हैं। इस वर्ष जिला रायगढ़ में फसल बीमा के लिए कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड को शासन द्वारा अनुबंध किया गया है।

जिले के सभी कृषक फसल बीमा लाभ लेने एवं अधिक से अधिक संख्या में ऋणी कृषक अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे नवीनतम आधार कार्ड की कापी, भूमि प्रमाण-पत्र (बी-2, पी-2)की कापी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कापी जिस पर एकाउंट नंबर, आईएफएससी कोड, बैंक का पता साफ दिख रहा हो, फसल बुआई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नंबर, बटाईदार, कास्तकार, साझेदार किसानों के लिए फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र के साथ 16 अगस्त 2023 के पूर्व अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, संबंधित बैंक, भारत सरकार की बीमा पोर्टल www.pmfby.gov.in एआईडीई ऐप तथा डॉक विभाग के माध्यम से फसल बीमा का लाभ उठा सकते है। फसल बीमा आपदा की स्थिति में फसल सुरक्षा का बेहतर विकल्प होता है।

# पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा कराने हेतु 16 अगस्त अंतिम तिथि

## इच्छुक ऋणी,अऋणी कृषक उद्यानिकी फसलों का निर्धारित तिथि तक करा सकते बीमा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे किसानों के लिए केला, अदरक, पपीता, टमाटर, बैंगन, मिर्च एवं अमरूद के लिए खरीफ वर्ष 2023-24 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना शासन की अधिसूचना के साथ छत्तीसगढ़ में लागू की गई है। जिले के इच्छुक ऋणी एवं अऋणी कृषक 16 अगस्त 2023 तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से या अपने नजदीकी शासकीय उद्यान रोपणी से संपर्क कर उद्यानिकी फसलों का बीमा करवा सकते है। चयनित उद्यानिकी फसलों का बीमा कराये जाने के लिये किसानों को उन फसलों के लिए निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत प्रीमियम राशि के रूप में देना होगा, शेष प्रीमियम की राशि 50-50 प्रतिशत राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाएगा। अधिसूचित फसल टमाटर के लिए प्रति एकड़ बीमित राशि 1 लाख 20 हजार रुपए एवं कृषक अंश राशि 6000, बैंगन के लिए बीमित राशि 77 हजार रुपए एवं कृषक अंश राशि 3850 रुपए, अमरुद के लिए बीमित राशि 45 हजार रुपए एवं कृषक अंश राशि 2250, केला के लिए बीमित राशि 85 हजार रुपए एवं कृषक अंश राशि 4250 रुपए, मिर्च के लिए बीमित राशि 68 हजार रुपए एवं कृषक अंश राशि 3400 रुपए, पपीता के लिए बीमित राशि 87 हजार रुपए एवं कृषक अंश राशि 4350 रुपए और अदरक के लिए बीमित राशि 1 लाख 50 हजार रुपए एवं कृषक अंश राशि 7500 रुपए निर्धारित है। किसानों को विभिन्न मौसमी जोखिम जैसे- कम या अधिक तापमान, कम अधिक या बेमौसम वर्षा, बीमारी अनुकूल मौसम कीट एवं व्याधि, ओलावृष्टि एवं चक्रवाती हवाएं, हवा की गति से फसलों को होने वाले क्षति से फसल बीमा का नियमानुसार लाभ प्राप्त होगा। खरीफ मौसम के टमाटर, बैंगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक फसल हेतु तापमान, वर्षा वायु गति एवं कीट व्याधि प्रकोप की स्थिति में कृषक इसकी सूचना सीधे बीमा कम्पनी के नि:शुल्क टोल फ्री नं.1800-419-0344/14474 पर तथा या लिखित रूप में 72 घंटे के भीतर संबंधित बैंक, स्थानीय राजस्व, उद्यानिकी, कृषि अधिकारी अथवा जिला उद्यान अधिकारी को बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित कर सकते है। सहायक संचालक उद्यान विभाग ने बताया कि कृषक अपने निकटतम शासकीय उद्यान रोपणी से इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिसके अंतर्गत विकासखण्ड कोरबा के शासकीय उद्यान रोपणी पताड़ी के उद्यान अधीक्षक संजना बंजारे मोबाइल नंबर 7697678999, विकासखण्ड करतला के शासकीय उद्यान रोपणी पटियापाली में डी.पी. मिश्रा 9907905061, विकासखण्ड कटघोरा के शासकीय उद्यान रोपणी पंडरीपानी में शिवनाथ सिंह पैंकरा 6266327047, विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा के शासकीय उद्यान रोपणी नगोई में सर्वेश्वर कुमार पटेल 8770947767 तथा विकासखण्ड पाली के शासकीय उद्यान रोपणी पोड़ीलाफा में अर्जुन सिंह मरावी मो.नं. 9131902927 से संपर्क कर सकते हैं। इसी प्रकार उद्यानिकी फसल बीमा हेतु बीमा कंपनी के जिला प्रतिनिधि एवं विकासखण्ड प्रतिनिधि से भी संपर्क किया जा सकता है। जिसमें जिला प्रतिनिधि रामेश्वर प्रसाद पटेल मो.नं. 8965044804, विकासखण्ड कोरबा के प्रक्षेत्र पर्यवेक्षक प्रभाकर सोनी मो.नं. 9039389654, शैलेन्द्र कुमार साहू मो.नं. 7400632554 से संपर्क किया जा सकता है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

# 10 अगस्त को खिलायी जाएगी कृमिनाशक एल्बेंडाजॉल की गोली

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंग ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 अगस्त 2023 को जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय विद्यालयों, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, मदरसों, निजी स्कुलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से 1 से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल 400 मि.ग्रा की गोली का सेवन कराया जाना है तथा मॉप-अप दिवस 17 अगस्त 2023 को किया जाना है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.टी.जी. कुलवेदी ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस के दिन 10 अगस्त 2023) बच्चों को दवा सेवन अवश्य कराया जाना चाहिए जिससे कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर, बौद्धिक विकास, एनीमिया के रोकथाम में सुधार हो सके। डॉ. कुलवेदी ने दवा सेवन कराने के तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उम्र अनुसार दवा सेवन किया जाना है। जिसमें 1 से 2 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं को एल्बेंडाजॉल की आधी गोली चूरा/पीस करके पानी के साथ मिलाकर चम्मच से पिलाई जावे, 2 से 3 वर्ष बालक एवं बालिकाओं को एल्बेंडाजॉल की एक पूरी गोली चूरा/पीस करके पानी के साथ सेवनकराई जावे, 3 से 5 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं को एल्बेंडाजॉल की एक पूरी गोली चबा करके पानी के साथ सेवन कराई जावे तथा 5 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोर/किशोरियों को एक एल्बेंडाजॉल की पूरी गोली चबा कर नोडल शिक्षकों के द्वारा समस्त शिक्षण संस्थानों पर सेवन कराई जानी है। नोडल अधिकारी डॉ.टी.जी. कुलवेदी ने विशेष रूप से सावधानियों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के दौरान किसी भी बच्चों को जबरदस्ती दवा सेवन न कराये। बच्चों की स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी लेवें तथा जो बच्चे बीमार है या कोई अन्य दवाई ले रहे है तो उन्हें कृमि नाशक की दवाई न खिलाई जावे। बच्चों को किसी भी परिस्थिति में दवाई घर ले जाने न दे। बच्चों को दवाई हमेशा अपने ही सामने खिलावें।

# हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेन्ट प्रशिक्षण के लिए पात्र अभ्यर्थियों से 9 अगस्त तक मंगाये गये आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेन्ट प्रशिक्षण योजना के तहत इस क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदक 9 अगस्त 2023 सायं 5 बजे तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला-रायगढ़ में आवेदन भेज सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते है।

# असामायिक मृत्यु के 5 प्रकरणों में वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग धरमजयगढ़ एवं रायगढ़ में प्राकृतिक आपदा अंतर्गत 5 लोगों की असामायिक मृत्यु के प्रकरणों में कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन पश्चात संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4.4 लाख रूपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम.हाटी निवासी सुकदेव सारथी की 14 सितम्बर 2021 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती निर्मला सारथी को 4 लाख रुपयेए ग्राम.छाल के संतोष श्रीवास की 2 नवम्बर 2022 को कुआ के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता करमकुंवर श्रीवास को 4 लाख रुपयेए ग्राम.भालूपखना के करमूराम की 13 जनवरी 2023 को कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र कमलसाय को 4 लाख रुपयेए ग्राम.पतरापारा के सकराबाई की 25 दिसम्बर 2022 को आग में जलने से मृत्यु होने पर उनके पति रामलाल निषाद को 4 लाख रुपये तथा तहसील रायगढ़ अंतर्गत ग्राम.पंडरीपानी के ज्योति कुमार खड़िया की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र नरेश खड़िया को 4 लाख रूपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में वर्षा की स्थिति

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सारंगढ़ तहसील में 12.7 मिलीमीटर, बरमकेला तहसील में 6.3 मिलीमीटर, सरिया तहसील में 8.3 मिलीमीटर, बिलाईगढ़ तहसील में 20.2 मिलीमीटर, भटगांव तहसील में 18.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में कुल वर्षा 66.1 मिलीमीटर और औसत वर्षा 13.2 मिलीमीटर दर्ज हुई है।

# एफपीओ के प्रमुख किसानों के लिए आयोजित हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण

## मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैविक खेती, उद्यानिकी फसलों सहित कृषि व्यवसाय के संबंध में दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में 3 एवं 4 अगस्त को ईएसएएफ फाउंडेशन के बैनर तले सारंगढ़ जिले से एफपीओ बीएमके बरमकेला एवं रायगढ़ जिले से धरमजयगढ़ विकासखंड से कबिरांचल एफपीओ के मुख्य किसानों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में मृदा स्वास्थ्य प्रबन्धन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, जल प्रबन्धन, उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती, मशरूम उत्पादन एवं कृषि व्यवसाय एवं प्रबंधन आदि विषय पर विस्तार से जानकारी एवं प्रक्षेत्र भ्रमण तथा प्रैक्टिकल अनुभव भी प्रदान किया गया।

ईएसएएफ फाउंडेशन की कोऑर्डिनेटर कु.ज्योति साहू के नेतृत्व में दोनों एफपीओ के 30-30 मुख्य किसानों को कृषि तकनीकों के अंगीकरण एवं बिजनेस प्लान को मजबूत एवं मुख्य धारा में अग्रसर करने के लिए जिले में संचालित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में कृषि वैज्ञानिकों से चर्चा-परिचर्चा हेतु तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित कराया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बी.एस.राजपूत के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं मृदा वैज्ञानिक डॉ.के.डी.महंत के प्रयास एवं डॉ.मनीषा चौधरी,डॉ.के.के.पैंकरा, डॉ.सविता आदित्य, डॉ.सोलंकी, डॉ नानक, डॉ पटेल, श्री शांडिल्य, डॉ साहू एवं सभी स्टाफ के तकनीकी सहयोग से प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

साथ ही बीएमके किसान उत्पादक संघ से डॉ.खूबचंद बघेल पुरुस्कार प्राप्त कृषक श्री मुकेश चौधरी एवं लक्ष्मण प्रसाद पटेल ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ का आभार जताया।



# आश्रम, छात्रावास एवं पोटाकेबिन जैसे आवासीय संस्थाओं की व्यवस्था को सुधारने कलेक्टर ने ली बैठक


## आवासीय संस्थाओं में बच्चें मोबाईल न रखें इसका कड़ाई से पालन हो - कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिला कार्यालय में जिले के समस्त आवासीय संस्थान आश्रम, छात्रावास एवं पोटाकेबिन के अधीक्षक, प्रभारी, नर्स एवं मंडल संयोजक का संयुक्त रूप से बैठक लेकर संस्थाओं में आवश्यक सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मोबाईल फोन के उपयोग से बच्चों को बचाएं और संस्थाओं में बच्चें मोबाईल लेकर न आए इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए अगर बच्चों को अपने पालकों से या किसी आवश्यक कारणों से संपर्क करना है तो अधीक्षक के मोबाईल का उपयोग करें। आवासीय संस्थाओं मे पदस्थ कर्मचारी अधीक्षक, भृत्य एवं चौकीदार संस्था में अनिवार्य रूप से रहे, संस्थाओं में बुनियादी सुविधाओं, दैनिक जरूरतों के समान की उपलब्धता पर्याप्त रूप से रखने के निर्देश दिए। बारिश के मौसम को मद्देनजर रखते हुए संक्रामक बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार समुचित ढंग से करने नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच हो। वहीं दवाईयों का पर्याप्त स्टाक रखने एवं एक्सपायरी दवाईयों को डिस्पोज करने के निर्देश दिए। बच्चों को अनुकूल वातावरण प्रदान करने सभी आवश्यक उपाय अमल में लाने के निर्देश दिए। बच्चों में सामूहित गतिविधियों एवं सामूहिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन कराएं ताकि एक दूसरे की मदद के लिए बच्चे तत्पर रहे। आश्रम, पोटाकेबिन, छात्रावास की समस्त गतिविधियों से उनके पालकों को अवगत कराए। बच्चों का मलेरिया जांच, मच्छरदानी का नियमित उपयोग, परिसर के खाली जगहों पर किचन गार्डन बनाने, साग-सब्जी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के एस मसराम, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला परियोजना समन्वय समग्र शिक्षा विजेन्द्र राठौर उपस्थित थे।

## सनी देओल की गदर 2 की एडवांस बुकिंग शुरू




सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म को यूए सर्टिफिकेट मिल चुका है, जिसका मतलब है कि इसे कोई भी देख सकता है। 11 अगस्त को यह मूवी रिलीज हो रही है। ऐसे में मंगलवार से फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई। गदर 2 के एडवांस बुकिंग के पहले दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो इस बात की ओर इशारा करते हैं कि फिल्म को कितने करोड़ की ओपनिंग मिल सकती है।

गदर 2 की घोषणा के बाद से ही लोगों में एक बार फिर तारा सिंह (सनी देओल) और सकीना (अमीषा पटेल) की अमर प्रेम कहानी के आगे के हिस्से को देखने का उत्साह बढ़ गया। फिर ट्रेलर ने यह एक्साइटमेंट लेवल और बढ़ा दिया।



## पारंपरिक पहनावे को छोड़ ट्रेंडी कपड़े पहनने लगी अभिनेत्री खुशी दुबे

दर्शकों ने हमेशा अभिनेत्री खुशी दुबे को सूट-सलवार और पारंपरिक पहनावे में देखा है। लेकिन, अब आशिकाना सीजन 4 में उनका किरदार चिक्की नैन्सी रूए के उपन्यास से प्रेरित है। जिसमें वह ट्रेंडी कपड़े और जूते पहने हुए दिखाई दे रही हैं।

शो में अपने लुक के बारे में बात करते हुए खुशी ने कहा, इस सीजन में मेरा लुक एक फ्यूजन है। इसमें वेस्टर्न ड्रेसेज, बूट्स और सुपर कूल लुक है जो हमने नैन्सी के उपन्यासों में देखा था।

नैन्सी एक अमेरिकी उपन्यासकार हैं जो 12 वर्षीय लिली रॉबिंस के उपन्यासों की लिली सीरीज के लिए जानी जाती हैं। वह सोफी सीरीज के लिए भी जानी जाती हैं।

खुशी ने अपने लुक के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, हमने इसे खूबसूरत और स्मार्ट रखा है और इसमें थोड़ा अंग्रेजी भाषा का इस्तेमाल किया है। यह थोड़ा सरल, लेकिन ग्लैमरस है। इसका लुक और अहसास किसी भी अन्य जासूसी लुक की तरह ही है, स्मार्ट कैजुअल और सेक्सी।

कहानी आधुनिक दुनिया और पुरानी दुनिया के रीति-रिवाजों को बताती है। इस रहस्यमय कहानी में जैन इबाद खान (यश के रूप में), और खुशी (चिक्की के रूप में) मुख्य भूमिका में हैं।

इसमें अनुभवी अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी के साथ जयति नरूला, इंद्रजीत मोदी और गीता त्यागी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

सीजन के बारे में बात करते हुए, ज़ैन ने साझा किया कि असामान्य गतिविधियों के बारे में लोगों की हमेशा अलग-अलग राय रही है। कुछ को यह सच लगता है, कुछ को यह विज्ञान लगता है।

## जंपसूट में हिना खान ने शेयर किया ग्लैमरस अवतार, कातिलाना अंदाज देख फैंस हुए मदहोश

टीवी एक्ट्रेस हिना खान हमेशा अपनी बोल्ड और ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को अपनी ओर रिझाना बखूबी से जानती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बना दिया है।

बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। एक्ट्रेस हिना खान फैशन आइकॉन हैं और आए दिन अपनी बोल्ड लुक्स की तस्वीरों से सोशल मीडिया का पारा गर्म कर रही हैं। हालिया फोटोशूट की तस्वीरों में एक्ट्रेस हिना खान ने जंपसूट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं। हिना खान ने अपनी इन तस्वीरों में एक से बढ़कर एक स्टनिंग लुक्स में पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस देखकर फैंस उनकी हर एक कातिलाना अदाओं पर अपना दिल हार गए हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग जमकर लाइक्स करते हैं। ओपन हेयर और ग्लॉसी मेकअप कर के एक्ट्रेस हिना खान ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। हिना खान जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक को काफी फॉलो करते हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।



## कमांडो 4 में अनोखे स्टंट और एक्शन करती नजर आएंगी अदा शर्मा



अभिनेत्री अदा शर्मा आगामी फिल्म कमांडो 4 में एक बार फिर से भावना रेड्डी की भूमिका निभाएंगी। अदा शर्मा का कहना है कि वह ओटीटी और फिल्म के बीच आम कड़ी होंगी।

विद्युत जामवाल के साथ कमांडो 2 और 3 में नजर आ चुकीं अदा ने कहा, हमने द केरल स्टोरी की रिलीज से पहले कमांडो की शूटिंग की थी। अदा ने कहा, मैं इस आधार पर प्रोजेक्ट नहीं चुनती कि यह किसी नए, अनुभवी अभिनेता या किसी लोकप्रिय व्यक्ति के साथ है। मैं जब भी किसी प्रोजेक्ट को चुनती हूं तो यह कभी भी निर्णायक कारक नहीं रहा है। मैं कमांडो 4' के ओटीटी वर्जन और फिल्म में भावना रेड्डी की भूमिका निभाऊंगी। वह ओटीटी और फिल्म के बीच आम कड़ी होंगी। अभिनेत्री ने कहा, मेरी पहली फिल्म 1920 थी और द केरला स्टोरी मेरी पिछली रिलीज थी। मुझ पर वास्तव में अद्भुत भूमिकाएं निभाने का भरोसा किया गया था और मैं इसके लिए धन्य महसूस करती हूं। मुझे उम्मीद है कि सभी प्रतिभाशाली अभिनेताओं को अच्छी भूमिकाएं मिलेंगी ताकि वे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर सकें। फिल्म में अदा अनोखे स्टंट और एक्शन करती नजर आएंगी। फिल्?म के एक्शन निर्देशक एंडी लॉन्ग हैं जो अभिनेता और मार्शल आर्ट लीजेंड जैकी चैन के लिए कोरियोग्राफी करते हैं। अदा अगली बार एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट में एक महिला सुपरहीरो की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

## फिल्म चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन की पहली झलक आई सामने



बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने इंडस्ट्री में अपने काम के दम पर खास पहचान बनाई है। बॉलीवुड इंडस्ट्री में कार्तिक आर्यन की गिनती टॉप के एक्टर्स में की जाती है और उनके साथ तमाम डायरेक्टर्स काम करना चाहते हैं। बीत दिनों कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया के जरिए बताया था कि वह डायरेक्टर कबीर खान के साथ चंदू चैंपियन नाम की फिल्म करने जा रहे हैं और इसकी कहानी स्पोर्ट्स ड्रामा है। अब कार्तिक आर्यन ने अपनी इस फिल्म से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया है। फिल्म चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन का लुक फैंस को पसंद आ रहा है। कार्तिक आर्यन ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी फिल्म चंदू चैंपियन से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया है। कार्तिक आर्यन ने इस फिल्म के नया लुक लिया है और फर्स्ट लुक पोस्टर में आप देख सकते हैं कि वह एक खिलाड़ी के रूप में नजर आ रहे हैं।

## नए सॉन्ग में हार्ट थ्रोब बनें रणवीर, इन एक्ट्रेसस संग मचाया धमाल



रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की नई रिलीज रॉकी और रानी की प्रेम कहानी बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है. करण जौहर की यह फिल्म सिनेमाघरों में एक्साइटमेंट फैला रही है और दर्शक फिल्म में रणवीर और आलिया की शानदार केमिस्ट्री को देखकर एक्साइटेड हो रहे हैं. जोड़ी के शानदार परफॉर्मेंस और करण जौहर के डायरेक्शन के अलावा, एक और चीज जो दर्शकों को फिल्म के अंत तक पूरी तरह से बांधे रखती है, वह है आरआरकेपीके के सॉन्ग. रोमांटिक ट्रैक, तुम क्या मिले, और पेपी डांस नंबर, व्हाट झुमका, पहले से ही चार्ट में टॉप पर है, रॉकी उर्फ रणवीर सिंह और मेकर्स ने अब एक और एनर्जेटिक डांस ट्रैक को रिलीज किया है, जिसका नाम हार्ट थ्रोब है. आपको बता दें कि, रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर अपने फिल्म के नए ट्रैक के साथ अपने फैंस और सोशल मीडिया फॉलोअर्स का मनोरंजन किया. अपने गाने, हार्ट थ्रोब का ऑफिशियल वीडियो शेयर करते हुए, एक्साइटेड रणवीर ने लिखा, ओह मा. गॉड! सच आ हार्ट थ्रोब जी!!!

सिंह को रॉकी के रूप में स्टारर, वीडियो में सुपरस्टार को अपने शानदार डांस मूव्स से महफिल लूटते हुए दिखाया गया है. उन्हें वीडियो में अपने शानदार लुक और डांस मूव्स से सभी उम्र की महिलाओं पर जादू करते देखा जा सकता है. जोशीले पंजाबी बीट्स, आकर्षक बोल और हुक स्टेप्स, साथ मिलकर हार्ट थ्रोब को एक आदर्श बॉलीवुड डांस नंबर बनाती हैं. इस गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है।

# खेल

### टी-20 डेब्यू में 175+ का स्ट्राइक रेट रखने वाले प्लेयर्स



ईशान किशन | सुर्यकुमार यादव | तिलक वर्मा

*आंकड़े 30+ रन बनाने वाले बल्लेबाजों के है।
*आंकड़े टी-20 इंटरनेशनल के है

## भारत ने खेला 200वां टी-20, पाकिस्तान के बाद दूसरा देश

तिलक डेब्यू मैच में सबसे ज्यादा सिक्स मारने वाले भारतीयों की सूची में नंबर-2 पर

**त्रिनिनाद।** भारत ने गुरुवार को अपना 200वां टी-20 मुकाबला खेला। टीम इंडिया 200 या इससे ज्यादा टी-20 मैच खेलने वाली दुनिया की दूसरी टीम बनी। भारत से ज्यादा पाकिस्तान 223 टी-20 खेल चुका है। इस लो-स्कोरिंग मैच को वेस्टइंडीज ने 4 रन से जीता। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले के बाद कई रोचक फैक्ट सामने आए। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में टीम इंडिया पहली बार 150 रन का टारगेट चेज करने में नाकाम रही है। मुकेश कुमार एक दौरे पर तीनों फॉर्मेट में डेब्यू करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। तिलक वर्मा ने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत सिक्स जमाकर की।

200 मैचों के बाद भारतीय टीम का विनिंग परसेंटेज सबसे ज्यादा है। भारतीय टीम ने 63.5 त्न मैच जीते हैं, जबकि 223 मैच खेल चुकी पाकिस्तान 60.08त्न मैच ही जीत सकी है। भारत ने 200 में से 127 और पाकिस्तान ने 223 में से 134 मैच जीते हैं।

### चौथी बार 150 रन चेज नहीं कर सकी टीम इंडिया

टी-20 क्रिकेट के इतिहास में भारतीय टीम चौथी बार 150 रन का टारगेट चेज करने में नाकाम रही है। इससे पहले टीम 2016 में न्यूजीलैंड, 2015 में जिम्बाब्वे और 2009 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 150 का टारगेट चेज करने में नाकाम रही थी।



**150 रन चेज करने में चार बार असफल रही टीम इंडिया**

| सा अफ्रीका | जिम्बाब्वे | न्यूजीलैंड | वेस्टइंडीज |
|---|---|---|---|
| 2009 | 2015 | 2016 | 2023 |

*आंकड़े टी-20 इंटरनेशनल के है

### द्रविड़ और मुरली विजय की बराबरी पर आए तिलक वर्मा

युवा बैटर तिलक वर्मा डेब्यू मैच में सबसे ज्यादा सिक्स जमाने वाले बैटर्स की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। वर्मा ने डेब्यू मैच में 3 सिक्स जमाए हैं। उन्होंने राहुल द्रविड़ और मुरली विजय की बराबरी कर ली है। डेब्यू मैच में तिलक से ज्यादा छक्के ईशान किशन ने जमाए थे।

डेब्यू मैच में 175+ का स्ट्राइक रेट

तिलक वर्मा ने विंडीज के खिलाफ 177.27 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की है। वे डेब्यू मैच में 175+ के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बैटर्स बने हैं।

सबसे ज्यादा 150 चेज करने में असफल रहे भारतीय कप्तानों में पंड्या

पंड्या का नाम सबसे ज्यादा बार 150 चेज करने में असफल भारतीय कप्तानों की सूची में जुड़ गया है। उनकी कप्तानी में टीम पहली बार 150 का टारगेट चेज करने में नाकाम रही है। उनके अलावा, अंजिक्य रहाने की कप्तानी में एक और धोनी की कप्तानी में दो बार ऐसा हुआ है।

## पहलवान बजरंग पूनिया को दिल्ली कोर्ट ने किया तलब

कोच ने किया मानहानि का केस दर्ज; कहा- धरने के दौरान अपमानजनक टिप्पणी की

पानीपत। हरियाणा के ओलिंपिक मेडलिस्ट पहलवान बजरंग पूनिया पर आए दिन नई मुश्किलें आ रही हैं। जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरना प्रदर्शन के दौरान अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने बजरंग पूनिया को तलब किया है।




पहलवान कोच नरेश दहिया ने बजरंग पूनिया के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया है। अदालत ने पूनिया को बतौर आरोपी 6 सितंबर को तलब किया है। शिकायतकर्ता नरेश दहिया ने आपराधिक मानहानि शिकायत में कहा कि 10 मई को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान बजरंग पूनिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

मिली जानकारी के अनुसार मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने गुरुवार (3 अगस्त) को निर्देश दिया कि पूनिया उस दिन (6 सितंबर) पेश हों, यह मानते हुए कि पहली नजर में उनका विचार है कि मानहानि के सभी तत्व सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि समन जारी करने के चरण में काफी हद तक यह तय हो चुका है कि अदालत को आरोपी की ओर से किए जा सकने वाले संभावित बचाव के तुलनात्मक विश्लेषण में जाने की जरूरत नहीं है।

### मामले को लेकर जज ने ये कहा

जज ने कहा, शिकायत, सहायक दस्तावेज और समन पूर्व साक्ष्य पर विचार करने पर मेरा प्रथम दृष्ट्या विचार है कि मानहानि के सभी तत्व बनते हैं। ऐसा लगता है कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिया गया बयान दुर्भावनापूर्ण इरादे का परिणाम था और अच्छे इरादे से नहीं दिया गया था। इसे ध्यान में रखते हुए आरोपी यानी बजरंग पूनिया को आईपीसी की धारा 499 के साथ धारा 500 (दोनों आपराधिक मानहानि से संबंधित) के तहत दंडनीय अपराध के लिए बुलाया जाए।

## भारत को वर्ल्ड आर्चरी-चैम्पियनशिप में गोल्ड

92 साल के इतिहास में पहली बार विमेंस कंपाउंड टीम को सफलता

**बर्लिन।** भारत की विमेंस कंपाउंड टीम पहली बार वर्ल्ड आर्चरी चैम्पियनशिप जीत ली है। टूर्नामेंट के 92 साल के इतिहास में पहली बार भारतीय विमेंस कंपाउंड टीम ने यह खिताब अपने नाम किया है। पहली बार वर्ल्ड आर्चरी चैम्पियनशिप 1931 में हुई थी। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में खेले जा रहे वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भारतीय विमेंस कंपाउंड आर्चरी टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 235-229 से हराया। टीम में आर्चर ज्योति सुरेख, वेन्नम परनीत कौर और अदिति स्वामी शामिल थी।




### सेमीफाइनल में कोलंबिया को 220-216 से हराया

इससे पहले सेमीफाइनल में कोलंबिया को 220-216 से हराया। वहीं भारतीय टीम को पहले राउंड में बाई मिला था। जबकि प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्की को और क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे को हराया।

### इंडिविजुअल में पहली बार टॉप 8 में से 3 भारतीय खिलाड़ी

विमेंस कंपाउंड के इंडिविजुअल में पहली बार टॉप-8 तीरंदाजों में 3 भारतीय शामिल हैं। भारतीय टीम की तीनों तीरंदाज ज्योति सुरेख, वेन्नम परनीत कौर और अदिति स्वामी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल हुई हैं।

### चार साल में एक बार होती है वर्ल्ड आर्चरी चैम्पियनशिप

***वर्ल्ड आर्चरी चैम्पियनशिप चार साल में एक बार होने वाला इवेंट है। इसमें ओलिंपिक क्वालिफिकेशन का भी क्वोटा है।***

### एक नजर

ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन..

## पीवी सिंधु क्वार्टरफाइनल में हारीं

प्रियांशु और प्रणय सेमीफाइनल में पहुंचे; 5 अगस्त को एक-दूसरे से भिड़ेंगे



**ऑस्ट्रेलिया।** भारत की दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु और पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 किदांबी श्रीकांत ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

वहीं प्रियांशु रजावत और एचएस प्रणय सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। अब दूसरे सेमीफाइनल में प्रियांशु और प्रणय आपस में भिड़ेंगे। प्रियांशु ने क्वार्टर फाइनल में श्रीकांत को हराया। सिंधु को टूर्नामेंट की चौथी सीड बेवेन झांग ने हराया सिंधु को क्वार्टर फाइनल में टूर्नामेंट की चौथी सीड मलेशिया की बेवेन झांग से हार का सामना करना पड़ा। बेवेन झांग ने सिंधु को 21-12 और 21-17 से हराया। इससे पहले झांग दूसरे राउंड में हुआंग यू-सन को 19-21, 21-10, 21-12 को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं।

वहीं सिंधु ने दूसरे राउंड में हमवतन आकर्षी कश्यप को 21-14, 21-10 से हराया था। सिंधु और आकर्षी पहली बार आपस में भिड़ी थीं। सिंधु ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए बहुत ही आसानी से आकर्षी को 29 मिनट में हराकर अगले राउंड में अपना स्थान पक्का किया था।

## विराट कोहली वेस्टइंडीज से स्पेशल चार्टर फ्लाइट से भारत लौटे

इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर फ्लाइट की बेहतरीन सर्विस के लिए धन्यवाद कहा

पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली का वेस्टइंडीज दौरा खत्म हो गया। कोहली गुरुवार को वेस्टइंडीज से स्पेशल चार्टर प्लेन से भारत वापस लौट आए हैं। कोहली ने निजी जेट की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की है। उन्होंने अपनी फ्लाइट की व्यवस्था करने के लिए निजी जेट सर्विसेज को भी धन्यवाद दिया है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज जारी है, लेकिन कोहली सहित अन्य सीनियर खिलाड़ी टीम का हिस्सा नहीं हैं। कोहली को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे में आराम दिया गया था। वहीं पहले वनडे में टीम मैनेजमेंट ने बैटिंग ऑर्डर में एक्सपेरिमेंट किया था, इसलिए उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला था। आखिरी दो वनडे मैचों में कोहली और कप्तान रोहित शर्मा को आराम देने के फैसले की काफी आलोचना भी हुई थी। पूर्व खिलाड़ियों का मानना था कि वनडे वर्ल्ड कप नजदीक है ऐसे में एक्सपेरिमेंट सही नहीं है।



# मणिपुर में असामाजिक तत्वों की मदद करके सरकार ने कुकि जाति आदिवासियों पर हमला करवाया-भाकपा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्रांच लक्ष्मणवन कोरबा में बैठक शाम 7 बजे से हुआ बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ कामरेड आस मति द्वारा किया गया भाकपा के जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा ने कहा कि भाकपा के राष्ट्रीय सचिव, एनएफडब्ल्यू के महासचिव कामरेड एनी राजा, महिला फेडरेशन की राष्ट्रीय सचिव निशा सिद्धू, और दिल्ली के एक अधिवक्ता दीक्षा द्विवेदी एक तत्थशोधक दल ने मणिपुर का 28 जून 2023 से 1 जुलाई 2023 तक के दौरान यह पाया की असामाजिक तत्वों की मदद करके सरकार ने कुकि जाति आदिवासियों पर हमला करवाया तीनों कामरेड पर वहां की सरकार ने एफ आई आर किया है जोकि सरासर गलत है 19 जुलाई को पूरे देश के सामने एक वीडियो आया जिससे पूरा देश शर्मसार हो गया मणिपुर में 3 मई से ही हिंसा शुरू हो गया था वहां की सरकार ने नेट बंद कर के रखा है कि मणिपुर की घटना दूसरी जगह न फैले वह वीडियो 4 मई की है इसके बाद कामरेड राममूर्ति दुबे ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हम सब एकता बनाकर रहना चाहिए और पार्टी को मजबूत करने की जरूरत है जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि हम सबको जाति धर्म से ऊपर उठकर इंसानियत का धर्म निभाना चाहिए कामरेड कृष्ण कांत शुक्ला जी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करना विकल्प है। उसके बाद वहां महिला फेडरेशन को मजबूत करने की जिम्मेवारी 5 महिला साथियों को दिया गया कामरेड लता यादव, कामरेड मीना यादव, कामरेड शकुंतला, कामरेड केवड़ा यादव, कामरेड तुलसी वर्मा, उसके बाद कामरेड आस मती द्वारा अध्यक्षीय भाषण देते हुए मणिपुर की घटना का विरोध किया गया नारे लगाए गए। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ कामरेड फूलबाई, कामरेड लक्ष्मी बाई, कामरेड कामिनी कश्यप, कामरेड सरिता सिदार, कामरेड गायत्री यादव, कामरेड सिलमती यादवए कामरेड गीता यादवए कामरेड खेल बाई यादव, कामरेड मीना यादव, कामरेड संतोषी यादव, कामरेड सुशीला यादव, कामरेड प्रेमलता यादव, कामरेड शुक्रवारा बाई, कामरेड गुड्डी, कामरेड देवला भाई, कामरेड सुशीला श्रीवास, कामरेड प्रेमा सिरदार, कामरेड वृंदा यादव, कामरेड लीलावती, कामरेड लता यादव, कामरेड चित्रलेखा उपस्थित थे।

# मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियान की तिथियों में परिवर्तन

## प्रथम चरण 21 अगस्त से 26 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




टीकाकरण सुदृढ़िकरण एवं मीजल्स एवं रूबेला वैक्सीन की डोज से छूटे हुए, लेफ्ट आउट, ड्राप आउट लाभार्थियों तथा गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किए जाने हेतु मिशन इंद्रधनुष अभियान का प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त तक चलाया जाना था। अपरिहार्य कारणों से पूर्व निर्धारित सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 की तिथियों में संशोधन किया गया है। अब निम्नानुसार दिवसों पर आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण 21 से 26 अगस्त, द्वितीय चरण 20 से 26 सितंबर, तथा तृतीय चरण 25 से 31 अक्टूबर 2023 रविवार को छोडकर आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाएगा।

कलेक्टर सौरभ कुमार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी ने जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा पात्र लाभार्थियों के पालकों से अपील किए हैं कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए 0 से 5 वर्ष तक के आयु अनुसार बच्चों को, वैक्सीन से छूटे हुए बच्चों, लेफ्ट आउट, ड्राप आउट लाभार्थियों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कराएं। जिससे गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों के साथ ही शिशुओं को वैक्सीन से रोकी जा सकने वाली विभिन्न बीमारियों से बचाव हो सके।

# छत्तीसगढ़ चौहान सेना के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।








जिले के सराइपाली नगर के पतेरापाली में छत्तीसगढ़ चौहान सेना के कार्यालय का उद्घाटन चौहान सेना की प्रदेशाध्यक्ष चातुरी नन्द, कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र वैष्णव, नगर पालिका सरायपाली के सभापति हरदीप सिंह रैना, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के युवा अध्यक्ष पंकज बीसी कांग्रेस के वरिष्ट कार्यकर्ता प्रदीप गुप्ता, युवा कार्यकर्ता नसीब खान,अन्नू कांग्रेस सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष विक्की वैष्णव रूबी सिंह ठाकुर महिला प्रदेश अध्यक्ष इंटक के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष नन्द ने कहा कि कार्यालय खुलने से संगठन के कार्यों में तेजी आएगी और जनहित के कार्य और तेजी से किए जाएंगे जिसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। इस अवसर पर चौहान सेना के कार्यकर्ता उदयलाल चौहान शशिकांत चौहान सूरज चौहान लक्ष्मी नारायण चौहान ओमप्रकाश चौहान विजय चौहान केंवरा चौहान तुलसीराम चौहान मोहन चौहान रूपलाल नंद समेत बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। बता दें कि चौहान सेना विगत कई वर्षों से क्षेत्र में जनकल्याण और समाज सेवा के विभिन्न कार्य कर रही है जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिला है।

# मोहन साहू ने बढ़ाया जिले का मान

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



स्वामी आत्मानंद विद्यालय पंप हाउस कोरबा में कक्षा दसवीं के छात्र मोहन साहू ने हिंदुस्तान टाइम्स कोड-ए-थान प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों 5 अगस्त 2023 को होटल मैरियट रायपुर में मोहन साहू को सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय के साथ जिले को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज एवं जिला प्रशासन ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। गौरतलब है कि हिन्दुस्तान टाइम्स कोड-ए-थान एक बेहद लोकप्रिय प्रतियोगिता है। जिसमें स्कूली बच्चों को कोडिंग की मूल बातें सीखने और राष्ट्रीय स्तर पर अपने कोड लेखन कौशल का प्रदर्शन करने में मदद मिलती है।

# संविदा कर्मचारी की भविष्य की सुरक्षा के लिए कदम उठाए छत्तीसगढ़ सरकार - महेश प्रसाद

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के विधान सभा प्रत्यासी महेश प्रसाद ने संविदा कर्मचारी को लेकर कहा सरकार दबाव बनाकर संविदा कर्मचारियों को हड़ताल खत्म करवा दिया गया है। सरकार इनकी मांगे पूरी करे पहले सरकार इन कर्मचारियों को नियमित करे लगातार हो रहें सरकार के खिलाफ प्रदर्शन बताता है कि सरकार अपने वादे को पूरा करने में नाकाम रही है। आजादी को 75 वर्ष गुजर गए मगर देश का विकास नहीं कर पाया शराब बंदी के नाम पर गंगा जल छू कर वादा करने वाली सरकार पहले शिक्षकों, फि र डाक्टरों और अब संविदा कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन यह जताता है कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने लोगों को जो वादा किया था, जिस भरोसे के आधार पर जनता ने कोंग्रेस को चुना था। उसमें सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। भुपेश सरकार ने एक वर्ग को अच्छी खासी सौगात देकर अपनी सरकार को अच्छी सरकार बताई जा रही लेंकिन वहीं देखें की दूसरे पक्ष के साथ इसी सरकार ने पक्ष पात किया है।

विधायकों को आज जहां लाखों का वेतन एवं भत्ता दिया जा रहा है पेंशन दिया जा रहा है वही संविदा कर्मचारियों को अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है। जहां उनके पास ना तो वेतन है और न ही पेंशन की कोई व्यवस्था ऐसे में एक संविदा कर्मचारी अपने जीवन में अपने भविष्य को किस प्रकार सुरक्षित कर पायेगा इसकी चिंता अब एक संविदा कर्मचारी को सताने लगी है इससे पूर्व में कई वर्गों ने आन्दोलन के माध्यम से सरकार का विरोध किया और अंत में सरकार को भी इन सभी वर्गों की बातों को मानना पड़ा जहां आज लगभग पूरी प्रशासनिक कार्यप्रणाली संविदा कर्मचारियों पर टिकी हुई है। वही सरकार द्वारा अब तक संविदा कर्मचारियों का शोषण ही किया है। ना तो उनके पास अच्छी सुविधाएं हैं ना ही अच्छा वेतन और ना ही पेंशन की कोई ऐसी सुविधा जिससे वे अपने भविष्य की चिंता से मुक्त हो सकें।

# स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह गरिमामय, हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में मनाया जायेगा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में 15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी संबंधी बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि आजादी के पर्व के दौरान 15 अगस्त को शासकीय कार्यालयों व मुख्य समारोह में राष्ट्रध्वज संहिता का पालन करते हुए पूरी गरिमा और सम्मान के साथ ध्वज फ हराना सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि 15 अगस्त को समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय संस्थाओं में प्रात: 7 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन फु टबाल मैदान सीएसईबी कोरबा पूर्व में किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस समारोहपूर्वक, गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस आयोजन की तैयारी हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। बैठक में बताया गया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को 15 अगस्त समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि 13 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस आयोजन का अंतिम रिहर्सल प्रात: 9 बजे किया जायेगा। फु टबाल मैदान सीएसईबी कोरबा पूर्व की ग्राउण्ड व्यवस्था, साफसफाई, शामियाना, माईक व्यवस्था, कुर्सी, सोफ ा सेट, गमले, व्हीआईपी हेतु पेय जल व्यवस्था, ध्वजारोहण मंच की साज सज्जा, गुब्बारे, झण्डे आदि की व्यवस्था नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा किया जायेगा। बेरीकेटिंग लगाने लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को जिम्मेदारी दी गई। बांस-बल्ली हेतु वन विभाग को जिम्मेदारी दी गई। विद्युत संबंधी व्यवस्था की देखरेख अनुविभागीय अधिकारी विद्युत/यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए।

कार्यक्रम स्थल में निर्बाध गति से विद्यृत व्यवस्था का संचालन कार्यपालन अभियंता वितरण सीएसईबी शहर संभाग कोरबा की होगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शालेय छात्र-छात्राओं का सामूहिक रूप से पी.टी. का प्रदर्शन होगा। परेड में एसएएफ, होमगार्ड, जिला पुलिस बल, एनसीसी सीनियर-जूनियर डिविजन एवं स्काउट गाइड के विद्यार्थी भाग लेंगे। सद्भावना दौड़ 14 अगस्त को प्रात: 7.30 बजे सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इस दौड़ में सभी नागरिक, छात्र-छात्राएं, अधिकारी कर्मचारी भाग ले सकते हैं। यह दौड़ घंटाघर चौक से प्रारंभ होकर निहारिका-सुभाष चौक बायां मुड़ते हुए विद्युत गृह स्कूल,-बुधवारी बाजार चौक जैन मंदिर से-महाराणा प्रताप चौक से होते हुए पुन: घंटाघर स्थित ओपन थियेटर में समाप्त होगी।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी के लिए बैठक सम्पन्न

## जिला मुख्यालय में गरिमामय ढंग से आयोजित होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त की तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय आयोजन के लिए विभागवार कार्यो की जिम्मेदारियां सौंपी गई। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह कलेक्ट्रेट कार्यालय सक्ती के समीप स्थित मैदान में आयोजित होगा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त गरिमामय तरीके से मनाया जायेगा और इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित रखी जाए। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए समारोह स्थल में बैठक व्यवस्था, पानी, विद्युत, जनरेटर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दायित्व सौंपे। कलेक्टर ने समारोह के गरियामय आयोजन के लिए सभी विभाग के अधिकारियो को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लाकड़ा, सर्व एसडीएम डिप्टी कलेक्टर सहित समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बेमेतरा जिले के सैकड़ों युवा विद्यार्थी पहुंच मुख्यमंत्री की भेंट मुलाकात कार्यक्रम में

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में प्रदेश व्यापी भेंट मुलाकात के बाद आज दुर्ग संभाग के युवाओं से भेंट मुलाकात की। इससे पहले एक अगस्त को मुख्यमंत्री बघेल ने बिलासपुर में बिलासपुर संभाग के युवाओं से मुलाकात की थी। आज यहां पूरे दुर्ग संभाग के जिलों राजनांदगांव, कबीरधाम कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़, मानपुर-मोहला अंबागढ़ चौकी और दुर्ग जिले से कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले युवा आए। कार्यक्रम जयंती स्टेडियम, भिलाई में आयोजित था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एसई युवाओं से सीधी बातचीत की

बेमेतरा जिले के सैकड़ों युवा विद्यार्थी भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचे। बेमेतरा के मनीष वर्मा ने मंच पर पहुंच कर मुख्यमंत्री से भेंट की। उन्होंने शासन की योजना का बखान छत्तीसगढ़ी भाषा में कविता के जरिए प्रस्तुत किया। मनीष वर्मा ने बताया कि में मां भद्रकाली की भूमि बेमेतरा से हूं। आज में अपने छत्तीसगढ़ के विकास को आल्हा छंद से सुनाता हूं। फि र बहुत सुंदर छंद से इसे सुनाया। जिले के एक और आयुर्वेद चिकित्सा के छात्र हरीश साहू ने आयुर्वेद में भर्ती का अनुरोध किया कि मैं बेमेतरा के मेढ़की गांव से हूं। स्वास्थ्य केंद्र में भी इनकी नियुक्ति हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी 121 पद की वैकेंसी निकली है। और भी निकालेंगे। मुख्यमंत्री ने उन्हें ने आश्वाशन दिया। मुख्यमंत्री के आगमन के साथ ही युवाओं का जोश दोगुना हो गया है। धुमाल और बैंड परफ ॉर्मेंस की धुन में उत्साहित युवाओं के कका-कका के नारे से गूंज उठा था जयंती स्टेडियम। कार्यक्रम स्थल में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करए राज गीत के साथ मुख्यमंत्री ने युवाओं से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की।



## एक नजर

### एकलव्य विद्यालय में अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में कक्षा आठवीं में बालक-2 सीट, बालिका-1 सीट, कक्षा 9वीं में बालक-5 सीट, बालिका-2 सीट, कक्षा 11वीं में बालक-2 सीट, बालिका-6 सीट, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लाफा पाली में कक्षा 9वीं में बालक-1सीट, बालिका-1 सीट, एकलव्य विद्यालय रामपुर पोड़ी-उपरोड़ा में कक्षा 7वीं में बालिका-3 सीट, कक्षा 8वीं में बालिका-1 सीट, कक्षा 9वीं में बालक-3 सीट, बालिका-1 सीट रिक्त हैं। इन सीटों पर इच्छुक विद्यार्थियों से 10 अगस्त तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास विभाग कोरबा के कक्ष क्रमांक 12 में जमा किया जा सकता है।

### पशु चिकित्सालय, पशु औषधालय में बीमार पशुओं का करा सकते उपचार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले में पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुओं के उपचार, संवर्धन एवं परिक्षण की दिशा में सतत् कार्य किया जा रहा है। सभी विकासखण्डों में पशु चिकित्सा केंद्र सेवाएं दे रहे हैं। पशुपालक इन चिकित्सा केंद्रों में आवश्यक सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। उप संचालक पशुचिकित्सा सेवाएं से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 13 पशु चिकित्सालय 28 पशु औषधालय संचालित है। सभी पशु चिकित्सा केन्द्रों में पशु उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, बधियाकरण की सुविधा, सड़क दुर्घटनाओं एवं संक्रमण रोग के रोकथाम के लिए मोबाइल यूनिट उपलब्ध है। जिला रोग अन्वेषण प्रयोगशाला में पशु से सम्बंधित रोगों की जांच सुविधा उपलब्ध है, जिस हेतु नमूना नजदीकी पशु चिकित्सा केंद्र अथवा सीधे प्रयोगशाला को भेजे जा सकते हैं। सुविधा के अनुसार जांच प्रतिवेदन से सम्बंधित संस्था को अवगत कराकर उपचार प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त घायल पशुओं के लिए जिले में 6 शासकीय अनुदान प्राप्त गौशालाएं संचालित हैं। जिसके अंतर्गत कोरबा विकासखण्ड में जय माँ भवानी गौशाला कुदुरमाल व माँ भवानी गौ आश्रम समिति कोहडिया शामिल हैं। इसी प्रकार कटघोरा में अग्रसेन गौशाला कनबेरी, पोंडी उपरोड़ा में स्वामी भजनानंद आदर्श गौशाला केंदई, करतला में स्व. वैद्य नत्थू राम कौशिक गौशाला चिचोली एवं पाली विकासखण्ड में कामधेनु गौशाला मुरली संचालित हैं। शासन द्वारा पशु चिकित्सा सुविधा को और बेहतर किए जाने हेतु जिले को 6 मोबाइल वेटरनरी वेन चलित पशु चिकित्सा इकाई की सुविधा 15 अगस्त से प्रदाय की जा रही है। जिसके टोल फ्री नं 1962 पर पशुपालक अपने पशुओं के चिकित्सा आदि सेवाओं हेतु कॉल कर सुविधा का लाभ ले सकते हैं। शुरुआती दौर में सभी चलित चिकित्सा इकाई प्रतिदिन 2 गौठानो में अपनी सेवाएं देंगे।

### जिले में अब तक 600.5 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले में 1 जून से अब तक 600.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 4 अगस्त तक औसत वर्षा 581.0 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 38.2 मिमी वर्षा हुई है।भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील कोरबा में 566.1 मिमी, भैंसमा में 734.0 मिमी, करतला में 602.4 मिमी, कटघोरा में 714.0 मिमी, दर्री में 642.6 मिमी, पाली में 562.4 मिमी, हरदीबाजार में 430.6 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 593.0 मिमी एवं पसान में 559.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा भैंसमा तहसील में दर्ज की गई है।

### प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत अब पहले संतान पर दो किस्तों में मिलेगी राशि

#### विश्व स्तन पान पखवाड़ा सह प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना पखवाड़ा पर कार्यशाला का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चखियार एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गजेन्द्र देव सिंह की उपस्थिति में विश्व स्तनपान पखवाड़ा सह प्रधानमंत्री मातृत्व योजना पखवाड़ा पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमें समस्त परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को 1 से 15 अगस्त 2023 तक आयोजित होने वाली विश्व स्तनपान सह प्रधानमंत्री मातृवदना योजना पखवाड़ा पर विशेष अभियान चलाकर शिशुवती माताओं को जागरूक करने को कहा गया। जिसमें शासन के निर्देशानुसार थीम इनेबलिंग ब्रेस्टफिडिंग मेकिंग, डिफरेंस फॉर वर्किंग पेरेंट्स पर चर्चा किया गया, जिसके अंतर्गत मुख्य रूप बच्चें के जन्म के 1 घण्टे के भीतर बच्चे को स्तन पान कराने संबंधी शिक्षा एवं 6 माह तक केवल स्तनपान कराने पर विशेष बल दिया गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत प्रथम संतान पर पहले 3 किस्तों पर 5000/- की राशि हितग्राही के खातों में सीधे आंतरित किया जाता था जिसे नवीन निर्देशानुसार अब 2 किस्तों में हितग्राही खाते में आंतरित किया जाएगा। साथ ही द्वितीय बालिका संतान के जन्म पर 6000/- की राशि एकमुश्त हितग्राही के खाते में आंतरित किया जाएगा, जिसके पंजीयन हेतु 1-15 अगस्त 2023 तक पूरे जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें परियोजनाओं को अधिक से अधिक पंजीयन हेतु लक्ष्य देकर कार्यशाला का समापन किया गया।

# मतदाता जागरूकता के तहत पिपरिया के छात्रों ने बनाई विशाल मानव श्रृंखला

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



आगामी विधानसभा निर्वाचन को देखते हुए शासकीय हाई स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा पिपरिया ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को मतदाता सूची में अधिक से अधिक नाम जुड़वाने और संशोधन कराने मतदाता जागरूकता रैली प्रेरक नारों के साथ निकाली गई तथा एन.एच. 43 पिपरिया चौराहे और हाई स्कूल प्रांगण में विशाल मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को प्रेरित किया गया।


कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विनोद पांडे ने छात्र-छात्राओं को संकल्प दिलाया की 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है तथा बिना किसी धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा का भेदभाव किए बिना शत प्रतिशत मतदान कराना है तथा छात्र-छात्राओं से अपने माता-पिता भाई-बहन पड़ोसी तथा परिचितों को जानकारी देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उषा किरण सिंह, जरीना परवीन, संगीता तिवारी, अबुल कमर, शर्मिष्ठा दत्ता, आशा तिवारी, कल्पना वर्मा, मेरी क्लाइंट बेक, कमरुद्दीन और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कलेक्टर सिन्हा की पहल पर जिला ग्रन्थालय में आयोजित हो रहा कैरियर गाइडेंस सेमीनार

# लक्ष्य के प्रति खुद में समर्मण की भावना जागृत करना आवश्यक- एसडीएम गगन शर्मा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले में पदस्थ आईएएस, आईपीएस सहित अन्य अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दे रहे है।



इसी कड़ी में आज जिले में रायगढ़ एसडीएम के पद पर पदस्थ गगन शर्मा प्रतिभागियों के बीच उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिभागी को अपने कैरियर के लिए दृढ़ संकल्पित होना जरूरी है। जिसके लिए लक्ष्य के प्रति खुद में समर्मण की भावना जागृत करना आवश्यक है। तभी लक्ष्य प्राप्ति की राह आसान होगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रतिभागी कैरियर को लेकर कंफ्यूज है तो वह नकारात्मकता से घिरा रहता है। लेकिन अगर सही समय पर वह कैरियर का चुनाव कर लेता है तो उसे नकारात्मकता से छुटकारा मिलता है और उसकी जिंदगी में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा का होना बेहद जरूरी है। इस बात का विशेष ध्यान दें कि किसी भी परीक्षा में पास करने के लिए कोई शार्टकट रास्ता नहीं है, उसके लिए पूरी लगन से मेहनत करके पढ़ाई करना जरूरी है। कई बार छात्र अपने दोस्तों की वजह से या पैरेंट्स के दबाव में आकर कैरियर का चुनाव कर लेते है। फिर कुछ सालों के बाद उन्हें एहसास होता है कि गलत कैरियर में आ गए है तो वे फिर से अपने इंट्रेस्ट वाले कैरियर में आगे बढ़ने की कोशिश करते है। जिसकी वजह से उनका समय एवं पैसे दोनों खर्च होते है। इसलिए समय का सदुपयोग करते हुए सही दिशा में अपने कैरियर को चुनते हुए आगे बढ़े। इस दौरान एसडीएम शर्मा ने उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया एवं उनकी जिज्ञासा का समाधान भी किया। इस अवसर पर सहयोग एकडेमी संचालक अबरार हुसैन, केन्द्र समन्वयक मनोज पटेल, लाईब्रेरिन अशोक पटेल, दीपक सिंह सहित लाईब्रेरी के अन्य स्टॉफ एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए थे।

#### प्रतिभागियों ने कहा आगे की तैयारी के लिए मिल रहा बेहतर मार्गदर्शन



जिला ग्रंथालय में आयोजित कैरियर गाईडेंस सेमीनार में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए थे। जिसमें सीजीपीएससी की तैयारी कर रहे सचिन मेश्राम, अक्षय देवांगन, अनिता विश्वकर्मा एवं मोनिका शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रति सप्ताह होने वाले इस सेमीनार के माध्यम से हम सबको आगे पढ़ाई की तैयारी के लिए एक बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। जिले में पदस्थ आईएएस, आईपीएस सहित अन्य अधिकारी यहां आकर हमें अपने जीवन में सफलता के मुकाम तक पहुंचने के लिए टिप्स दे रहे है। आज हमारे बीच रायगढ़ एसडीएम सर पहुंचे थे। उन्होंने सीजीपीएससी पढ़ाई करके इस मुकाम तक कैसे पहुंचे उस अनुभव को हमारे बीच साझा किये। जिसे हम सबसे आत्मसात किया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने कलेक्टर एवं जिला प्रशासन का आभार जताया।

## एक नजर

### राखी डाक पोस्ट के लिए पीले रंग की पेटी का करें प्रयोग

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




डाक विभाग द्वारा 31 अगस्त 2023 तक राखी डाक पोस्ट किये जाने हेतु पीले रंग की विशेष पत्र पेटियां रायगढ़ चक्रधरनगर, सदर बाजार उपडाकघर, सत्तीगुडी चौक एवं चक्रधरनगर चौक पर लगाई गई है। इसी प्रकार से जशपुरनगर में दिवाली मेल्स हेतु 3 विभिन्न जगहों पर पीले रंग की पत्र पेटियां लगाई गई है। जनसामान्य अपना राखी डाक पीले रंग के विशेष पत्र पेटी में ही डाले। रायगढ़ प्रधान डाकघर एवं जशपुरनगर उपडाकघर में निर्धारित काउंटर पर ही राखी डाक प्रेषण हेतु स्वीकार करने की व्यवस्था की गई है। राखी डाक के लिफाफे में पाने वाले का पूर्ण पता पिनकोड सहित स्पष्ट व साफ अक्षरों में लिखें ताकि डाक का शीघ्र निपटान किया जा सके।

### राज्य व्यवसायिक परीक्षा के लिए भूतपूर्व परीक्षार्थी 10 अगस्त तक कर सकते है आवेदन जमा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग. रायपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य व्यवसायिक परीक्षा एससीव्हीटी माह अगस्त 2023 की परीक्षा समय-सारणी जारी कर दी गई है। एससीव्हीटी प्रवेशित सत्र अगस्त 2021 द्विवर्षीय व्यवसाय, अगस्त 2022 प्रवेशित एक वर्षीय व्यवसाय के नियमित प्रशिक्षणार्थी एवं पूरक पात्र प्रशिक्षणार्थी जिनके प्रयास शेष है, उक्त परीक्षा में सम्मिलित होंगे। एससीव्हीटी की परीक्षा 16 से 24 अगस्त 2023 तक संपन्न होगी। भूतपूर्व परीक्षार्थी परीक्षा फार्म 10 अगस्त 2023 तक जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### नदी नाला उफान पर, डूबने से मौत के आंकड़े आ रहे सामने

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।

इन दिनों हो रही झमाझम बारिश के बाद खेत खलियान जलमग्न है वहीं नदी, नाले,तालाब उफान पर हैं। जिसमें डूबने से मौत के आंकड़े भी दिखने लगे हैं। पिछले कुछ दिनों पहले एक छात्र के किलकिला डेम में डूबने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी और अब इसी दौरान शुक्रवार को जशपुर जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र केराकछार फुलेता के युवक की नाले में डूबने से मौत मामले समाने आया जिसमें पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना में मिली जानकारी अनुसार जशपुर जिला अंतर्गत बागबाहर के कोतबा चौकी क्षेत्र के पतराटोली के रहने वाले युवक विक्की सिदार पिता स्व. चतुर सिदार के नाले में डूबने से मौत हो गई। मृतक युवक केराकछार निवासी जागेश्वर सिदार के यहां रहकर मजदूरी का काम करता था बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर फुलेता से आगे नाले के तरफ घोंघी बिनने गया हुआ था। इसी बीच घोंघी चुनने के दौरान अचानक चट्टान के पास उसका पैर फिसल गया जिससे वह चट्टान के टकराकर मुंह के बल गिरने से दोनों हाथ कमर के नीचे दब गया और नाले में डूब गया स्थानीय लोगों के द्वारा खोजबीन किए जाने पर शुक्रवार की सुबह युवक का शव नाली के समीप देखा गया घटना की सूचना पर पत्थलगांव थाना पुलिस ने पहुंचकर मर्ग पंचनामा कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।



### जमीन का सौदा तय कर 40 लाख की ठगी

**रायपुर** । जमीन का सौदा तय कर 40 लाख रुपए लेकर जमीन को किसी और को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अन्नु ताकर 44 वर्ष कोलर अभनपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी आसुतोषपुरी गोश्वामी, ईश्वरी, किरण, श्यामबाई व धनेन्द्र साहू ने प्रार्थी को ग्राम सिलतरा एवं सेमरा में बेचने के लिए जमीन दिखाया। जिससे प्रार्थी ने 40 लाख रुपए में जमीन का सौदा तय कर लिया। जब प्रार्थी ने रजिस्ट्री करवाने कहा, तो आरोपियों ने टाल मटोल शुरू किया। जिसके बाद पता चला कि उक्त जमीन को आरोपियों ने किसी और के पास बेच दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नवागढ़ ब्लॉक में दो कृषि केंद्रों नियमों का उल्लंघन पर कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

खरीफ सीजन में समय पर खाद, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने में जिला प्रशासन सख्त है। इसी कड़ी में उप संचालक कृषि जिला बेमेतरा श्री मोरध्वज डड़सेना के निर्देशानुसार बीते गुरुवार को जिले के नवागढ़ विकासखंड में संचालित अलग.अलग कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साहू कृषि केंद्र तोरा ब्लॉक नवागढ़ में अनुविभागीय कृषि अधिकारी बेमेतरा श्रीति तिवारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नवागढ़ आरके चतुर्वेदी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अश्वनी मांडले, संजय अनंत की संयुक्त टीम द्वारा उपरोक्त कृषि केंद्र में पाया गया कि संबंधित केंद्र के द्वारा बिना वैध प्रिंसिपल सर्टिफिक्रेट के उर्वरक एवं कीटनाशकों का अघोषित गोदाम में भंडारण कर विक्रय किया जा रहा हैए जो कि कीटनाशी अधिनियम 1968 व 1971 तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के विभिन्न प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए खाद कीटनाशक को जब्त कर दुकान एवं गोदाम को सील कर दिया गया है। उक्त केंद्र को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। कार्यवाही की अगली कड़ी में ग्राम गाडामोर में संचालित हीरा कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। जहां बिना वैद्य प्रिंसिपल सर्टिफीकेट के कीटनाशकों का भंडारण एवं उर्वरक विक्रय में पोस स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में असमानता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिले के बेमेतरा ब्लॉक में भी फर्टिलाइजर इंस्पेक्टर डॉ श्याम लाल साहू द्वारा निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर गौतम कृषि केंद्र और वर्मा कृषि केंद्र को नोटिस जारी किया गया है।



# नदी-नालों एवं पुराने पुल पुलियों को पार करते समय एहतियात बरतने कलेक्टर ने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



मानसून के चलते जिले में पिछले दिनों से हो रही भारी बारिश एवं संभावित अतिवृष्टि, नदी नालों के उफान तथा बाढ़ की स्थिति निर्मित होने की वजह से लोगों की जान की सुरक्षा के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता एवं तत्काल राहत पहुंचने के निर्देश कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने संबंधित अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर एल्मा ने जिले वासियों से अपील की है कि नदी-नालों, पुराने पुल-पुलिया आदि को पार करते समय एहतियात बरतें। इसके साथ ही आपदा की जानकारी मिलने पर जिला स्तरीय बाढ़ कन्ट्रोल रूम 07824-222103 में इसकी सूचना दें। यह कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे काम कर रहा है। बेमेतरा जिले में चालू मानसून के दौरान विगत एक जून से आज 4 अगस्त तक 467 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गयी है। कलेक्टर ने जन सामान्य से कहा कि वे अपने शहर या गांव में बाढ़ की संभावना और विगत वर्ष में बाढ़ के सबसे उच्च स्तरों को जानें। अपनी बहुमूल्य वस्तुओं और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखें। अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य तथा सहायता केन्द्र की जानकारी रखें। आपातकालीन किट तैयार करें, जिसमें सूखा खाद्य पदार्थ पेयजल, आवश्यक दवाएं, रेडियों, टॉर्चए, जरूरी कागजात, माचिस, रस्सी आदि शामिल हों तथा इन्हें उपयोग हेतु चालू हालत में रखें। बाढ़ की संभावना को देखते हुए पालतू जानवरों को पहले से ही सुरक्षित तथा ऊंचे स्थानों पर भेज दें या जल स्तर बढ़ रहा हो, तो उन्हें खुला छोड़ दें।

बाढ़ की चेतावनी मिलने पर उसका पालन करें। अपने पड़ोसियों को सूचित करें तथा सुरक्षितए ऊंचे स्थानों पर चलें जाएं यदि स्थान छोड़ रहे हैं, तो अपने साथ आपाकालीन किट जरूर ले जाएं। घर छोड़ने से पहले बिजली का मुख्य स्विच, गैस और पानी के नलों को बंद कर दें एवं मित्रों व रिश्तेदारों को अपने प्रस्थान की जानकारी दें। पुलिस और दमकल अधिकारियों के अनुदेशों का पालन करें व उन्हें सहयोग दें। आपकी सुरक्षा उनका ध्येय है। उबाला हुआ या क्लोरीन की टेबलेट से साफ किया हुआ पानी पियें। सांप, विषधर प्राणियों से बचकर रहें। प्रायः बाढ़ के समय सांप के काटने की घटनाएं होती है। नवीनतम जानकारी हेतु स्थानीय मौसम और समाचार रिपोर्टों को सुनें। अपने आसपास वातावरण को साफ एवं स्वच्छ रखें। कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ का पानी न पियें और न ही उससे भोजन पकाएं। बाढ़ के पानी के सम्पर्क में आया हुआ खाद्य पदार्थ न खायें। बाढ़-ग्रस्त क्षेत्र में न जाएं तथा गाड़ी चलाने से बचें। मदद के बिना बाढ़ के पानी में न जाएं, बच्चों को बाढ़ के पानी के पास खेलने ना दें। उन बिजली उपकरणों का प्रयोग न करेंए जो बाढ़ के पानी में भीगे हो।

# चांपा के गांधी भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश में आज बम्हनीडीह परियोजना अंतर्गत चांपा के गांधी भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, स्वीप का आयोजन किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदाता एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा यह भी बताया गया कि विशेषकर महिलाओं को अपने मतदाताधिकार का अवश्यक रूप से उपयोग करना चाहिए एवं किसी भी महिला का एपिक कार्ड नहीं छूटना चाहिए, साथ ही बताया गया कि 17 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति मतदाता सूची में अपना पंजीयन करायें। कार्यक्रम में मतदान के प्रति जन जागरूकता लाने पर जोर दिया गया, मतदाता के अधिकार के महत्व को बताया गया कि मतदान केवल हमारा अधिकार नहीं है अपितु हमारा प्रथम कर्तव्य भी है। मतदान का उपयोग कर हम अपने समाज के लिए सही प्रतिनिधि का चुनाव कर देश व समाज का भविष्य तय कर सकते है, इसलिए मतदान का उपयोग सही व्यक्ति के चुनाव में करें, किसी के बहकावे या लालच में आकर गलत प्रतिनिधि का चुनाव न करें। इसके लिए समाज में जागरूकता लाने के लिए सेक्टर पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोरी बालिका, समूह की महिलायें एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थित में गांधी भवन चांपा से लायंस चौक तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं कलश यात्रा के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया एवं उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को मतदान हेतु शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में मोहम्मद अहमद परियोजना अधिकारी बम्हनीडीह, अनुपमा कवंर संरक्षण अधिकारी नवाबिहान, एच.निशा खान केन्द्र प्रशासक, समस्त पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोरी बालिका, समूह की महिलायें उपस्थित थी।




# महिला स्वास्थ्य कर्मी से अश्लील हरकत करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।

पत्थलगांव सिविल अस्पताल परिसर में महिला स्वास्थ्य कर्मी से एक युवक द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। जिसमें पुलिस ने इस मामले में एफ आइआर दर्ज करते हुए एक युवक शिवपुर निवासी मणि नट को हिरासत में लेकर धारा 186 आईपीसी 294 आईपीसी 354 आईपीसी 506 आईपीसी 509 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है। विगत कुछ दिनों से पत्थलगांव के सिविल अस्पताल परिसर में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मी के सामने कुछ सनकी युवकों द्वारा अस्पताल परिसर में अश्लील हरकत करने के मामले में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पत्थलगांव थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। इस तरह के बढ़ते वारदात से यहां पदस्थ स्वास्थ्य कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त होने के साथ ही ड्यूटी के दौरान महिला स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को लेकर डर का माहौल देखा जा रहा है। एक और जहां इस अस्पताल में सुरक्षा के लिए किसी भी तरह के प्रशासन द्वारा प्रबंध नहीं किए गए हैं वहीं अस्पताल में अक्सर वाद विवाद की स्थिति निर्मित होने से अस्पताल कर्मियों द्वारा लगातार ही सुरक्षा की मांग की जाती रही है इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों ने पत्थलगांव एसडीएम के समक्ष अस्पताल परिसर में सुरक्षा गार्ड की तैनाती के लिए भी आवेदन दिया है।




### रोजगार सृजित करने व्यवसाय एवं लघु उद्योगों को दिया जा रहा बढ़ावा

# कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में विभिन्न ब्लॉकों के रीपा में संचालित हो रही आय मूलक गतिविधियां

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राज्य शासन द्वारा ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से रीपा योजना प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत जिले के विभिन्न ब्लॉकों में व्यवसाय एवं लघु उद्योगों को प्राथमिकता के साथ बढ़ावा दिया जा रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा रीपा में संचालित गतिविधियों की मॉनिटरिंग के साथ लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। ताकि रीपा में अधिक से अधिक गतिविधियां संचालित होने के साथ स्थानीय रोजगार सृजित हो सके। यही कारण है आज जिले के विभिन्न ब्लॉक में रीपा स्थापित होने से व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ी है। जिससे ग्रामीणों के साथ ही शिक्षित युवतियां एवं महिलाओं की भागीदारी देखी जा रही हैं और वे आर्थिक रुप से सशक्त हो रहे हैं। रीपा योजना किस तरह से रोजगार मूलक कार्यों के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है, इसकी एक बानगी विकासखंड घरघोड़ा के बैहामुड़ा में स्थित रीपा में देखने को मिली। रीपा रोजगार मूलक कार्यों के साथ उद्यमी सृजित करने का कार्य कर रही है, जिसका उदाहरण हैं ऐश कुमारी राठिया है। जिन्होंने स्नातक और डीसीए की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात रीपा में स्वयं का सीएससी सेंटर के माध्यम से अपना व्यवसाय प्रारंभ कर चुकी हैं। वह ऑनलाइन फार्म, आधार से पैसा निकासी, फ ोटो कापी, टाइपिंग, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ ी जैसे कार्यों के साथ वर्तमान में अपने काम को विस्तार देते हुए वर्तमान में कियोस्क शाखा प्रारंभ करने की कार्ययोजना पर कार्य कर रही हैं, जिससे ग्रामीणों को गांव में ही बैंक की सुविधा मिल सके एवं खाता खुलवाने, फ सल बीमा, केवाईसी की सुविधा उपलब्ध हो सकें। ऐश कुमारी गांव के बुजुर्गों को पैसे निकासी हेतु घर पहुंच सेवा भी प्रदान करती हैं। उन्होंने बताया कि यह सब रीपा के कारण संभव हो पाया हैं, जहां उन्हें वर्किंग शेड, जरूरी तकनीकी उपकरण के साथ हर कार्य में सहयोग मिल रहा हैं। जिससे वह हर माह 12 से 15 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर पा रही हैं। इसी तरह विकासखंड पुसौर के ग्राम तरड़ा निवासी ममता पाव ने रीपा तरडा में सीएससी सेंटर संचालित कर रही है। उनके द्वारा आधार कार्ड, पेन कार्ड, श्रमिक कार्ड बनाने के साथ ही पेंशन के ऑनलाईन फार्म भरने जैसे सभी कार्य किए जा रहे है।

रीपा में भी सीएससी सेंटर चलाने हेतु 1 लाख का वर्किंग केपिटल दिया गया। साथ ही वर्किंग शेड भी प्रदान किया गया। जहां से ममता पाव अपना कार्य संचालित करती है। उनके द्वारा रकम निकासी की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही कॉलेज के ऑनलाईन फार्म भरे गये। जिससे उन्हें लगभग 20 हजार रुपये तक की आय प्राप्त हो रही है। सीएससी सेंटर प्रारंभ होने से गांव में ही ग्रामीणों को काफी सहायता मिल रही है।





# मासूम के मौत का जिम्मेदार कौन ? समय पर इलाज नहीं मिलने पर बूझा घर का चिराग

## मैनपुर के तेंदुछापर में सर्पदंश से सात वर्षीय छात्र की मौत

जोहार छत्तीसगढ़- गरियाबंद।





जिले के मैनपुर ब्लाक के भुतबेड़ा के आश्रित गांव तेंदुछापर में एक गरीब के घर का चिराग उस समय बुझ गया जब सात वर्षीय चंद्रहास को रात में सोते समय जहरीले साफ ने काट दिया। कक्षा दूसरी का ये छात्र बच जाता अगर गांव में पक्की सड़क होती और समय पर उसको इलाज मिल जाता पर ऐसा नहीं हो सका। मासूम के माता-पिता रोते बिलखते जैसे तैसे दलदल और कीचड़ भरी किमी कच्ची सडक पार कर 108 के जरिये सरकारी अस्पताल तो पहुंचाया मगर हुये लेटलतीफी और समय पर इलाज नहीं मिलने पर मासूम को नहीं बचा सके। मैनपुर के वनांचल के कई गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है और समय पर इलाज नहीं मिलने पर इन्हें अपनों को खोना पर जाता है। वनांचल क्षेत्रों में हो रही मौत का आखिर कौन जिम्मेदार है।

### बाईक पर लाश लादकर घर पहुंचे परिजन

मासूम के मौत के बाद पिता अपने पुत्र के लाश को बाइक पर लादकर घर तक लाया तभी मासूम की अंत्येष्टि है सका दलदल और कीचड़ भरी सड़क पार करते समय पिता को कई बार बाइक से उतर कर मोटरसाइकिल को धक्का लगाना पड़ा और इस समय साथ आ रहे अन्य परिजनों को बाइक के पिछे पिछे दौड़ना पड़ा। हालांकि मृत घोषित होने के बाद मुक्तांजली वाहन से शव को भूतबेड़ा मुख्यमार्ग तक पहुंचाया गया पर आगे के तीन किमी गांव पहुंच कच्ची मार्ग में मुक्तांजली वाहन आगे जा नहीं सकी तो पिता अपने परिजन के सहयोग से शव को बाइक पर लाद घर ले आया।

### वाह जनप्रतिनिधि और अफसर आपने कभी सुध तक नहीं ली गांव की

*वनांचल क्षेत्र के गांव ने ग्राम सरकार से लेकर केन्द्र सरकार तक जनप्रतिनिधि बनाने अपना वोट दिया मगर इन जनप्रतिनिधियों ने कभी गांव की ओर झांककर नहीं देखा। वही आज तक किसी अफसर ने गांव तक पहुंचकर समस्या पर ध्यान नहीं दिया गांव वाले जैसे तैसे मुख्यालय तक पहुंचे बुनियादी सुविधाओं की मांग करते रहे अफसरो ने भी अनसुनी कर दिया। मासूम के मौत के बाद गांव में जनप्रतिनिधि और अफसर के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है।*

## एक नजर

### मतदाता जागरूकता के लिए मनाया जा रहा स्वीप फ्रेंडशिप डे

जोहार छत्तीसगढ-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के लिए जिला प्रशासन ने नये-पुराने सभी प्रकार के रीति-रिवाज को चुना है। इसी सिलसिले में नई पीढ़ी के द्वारा मनाये जा रहे फ्रेंडशिप डे को भी अपनाया है। इसके अंतर्गत 6 अगस्त को स्वीप फ्रेंडशिप डे के रूप में मनाया जा रहा है। दोस्त के लिए समर्पित फ्रेंडशिप डे के अवसर पर मतदाता जागरूकता नारा भी तैयार किया गया है जैसे- दोस्त चलो आज एक काम कर जाते, हम भी मतदान करेंगे शपथ ले जाते, छत्तीसगढ़ी में नारा- चल संगी दोस्ती निभाबो, वोट देहे दूनो जाबो।

### छत्तीसगढ़ भाजपा के घोषणा पत्र में होगा छत्तीसगढ़ियों के मन की बात

सक्ती जिले के प्रत्येक मंडल में रखी जाएगी घोषणा पत्र पेटी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



रायपुर भाजपा कार्यालय में छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा में रखे जाने वाले घोषणा पत्र सुझाव की पेटी लेने पहुंचे सक्ती जिले के घोषणा पत्र समिति सदस्य को घोषणा पत्र पेटी प्रदेश प्रभारी ओम माथुर सह प्रभारी नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव घोषणापत्र समिति संयोजक सांसद विजय बघेल के हाथों से सक्ती जिले घोषणा पत्र समिति सदस्य अमृत लाल साहू, घनश्याम साहू, नेतराम चंद्रा, एवं राम नरेश सिंह यादव को दिया गया साथ में पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू भी उपस्थित थे। जिसमें किसान मजदूर खिलाड़ी नौजवान महिलाएं व्यवसायी डॉक्टर वकील आदि सारे वर्ग के लोग अपने सुझाव लिखकर के सुझावों को घोषणा पत्र पेटी में डालेंगे एवं दिये गये व्हाट्सएप नंबर 9584656500 में भी सुझाव दे सकते है। आप सबके द्वारा दिए सुझाओं को भाजपा के घोषणा पत्र में किया जाएगा शामिल।

### अज्ञात कार की टक्कर से दो भैसों की हुई मौत

**रायपुर** । नवा रायपुर स्थित चीचा चौक के पास अज्ञात कार की टक्कर से दो भैसों की मौत हो गई। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश यदू 45 वर्ष रिको मंदिरहसौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि चीचा चौक के पास कल दोपहर अज्ञात कार चालक ने प्रार्थी के दो भैसों को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों भैसों की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 429 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## राशन दुकान बंद का आह्वान व मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने को होंगे बाध्य राशन दुकान संचालक

* विधानसभा चुनाव के अंतिम साल में जनता परेशान, प्रशासन को लेनी होगी सुध

जोहार छत्तीसगढ़- कुसमी।



**अपनी छः सूत्रीय मांगों को लेकर अनुविभागीय तहसीलदार कुसमी को राशन दुकानदारों ने ज्ञापन सौंपा**

आपको बता दे कि राशन दुकान बंद व अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जिला मुख्यालय में करने हेतु, अनुमति प्रदान करने के सम्बंध में आज कुसमी अनुविभागीय तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने विषयांतर्गत यह लेख किया है। कि छग शासकीय उचित मुल्य की दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ के आह्वान पर पथम चरण में 01 अगस्त 2023 से 05 अगस्त 2023 तक संपूर्ण राशन दुकानों में तालाबंदी की जायेगी। राशन दुकानदरो ने छः सूत्रीय मांगों को लेकर आवेदन में यह बताया है किए वर्ष 2022 का बरदान का पैसा व वर्ष 2023 से अब तक का कमीशन का राशि नहीं मिला है।

और राशन में भी में कटौलती कट-कट कर राशन मिल रहा है। इन्ही सभी विषयों में आज हम राशन दुकान संचालको के द्वारा आवेंदन दे रहे है। हमारी यह मांग पूरी नहीं होती है तो, हम दुसरी चरण के रूप में 06 अगस्त 2023 से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाना सुनिश्चित है। जिला मुख्यालय में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर अपनी छह सूत्रीय मांग पत्र छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छग शासन रायपुर के नाम से ज्ञापन पत्र सौंपा जायेगा। साथ ही अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने हेतु राशन दुकानदारों ने स्थल, पर लाउडस्पीकर एवं रैली करने हेतु अनुमति प्रदान कर आग्रह किया गया है।

## खुले में ट्रांसफार्मर दे रहा मौत को न्योता, कभी भी हो सकती अनहोनी

* आखिर कोई नहीं कर रहे सुधार, बच्चों पर मंडरा रहे खतरे, मौन क्यों है बिजली और शिक्षा विभाग

जोहार छत्तीसगढ़- गरियाबंद।

एक तरफ सरकार स्कूली शिक्षा पर जोर दे रही है दूसरी और छोटे छोटे बच्चों के जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है। गरियाबंद के कुम्हारपारा के मुख्य मार्ग पर संचालित सरकारी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल के मुख्य द्वार के समीप बिजली विभाग की घोर लापरवाही देखने को मिल रही है। बिजली विभाग स्कूल के मुख्य द्वार पर ट्रांसफार्मर लगाया है और इसे खुला छोड़ दिया है जिससे स्कूली छोटे बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। इस खतरे से निजात दिलाने पर भी ना तो कभी बिजली विभाग ने सुधार की है और ना कभी शिक्षा विभाग ने बच्चों के साथ कोई अनहोनी हो ना जाये इस बात की कभी कभी चिंता नहीं की है।



### पालक भी कई बार विभाग से ट्रांसफार्मर हटाने की कर चुके हैं मांग

स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पालक भी खुले ट्रांसफार्मर को लेकर बिजली विभाग के जिम्मेदार अफसर को अवगत करा चुके है पर विभाग के अधिकारी के कानो में जूं तक नही रेंग रहा हैं। ऐसे में विभाग के लापरवाही को लेकर अविभावक भी गुस्से में है।

### नियम विरूद्ध लगा है ट्रांसफार्मर - मुरलीधर सिन्हा

वही भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने मामले पर कहा है बिजली विभाग नगर के एक व्यवसायी को लाभ पहूंचाने कही और के 40 वर्षो से लगे ट्रांसफार्मर को सैकड़ों विद्यार्थियों के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल में नियम विरूद्ध लगाया गया है। भाजपा नेता ने बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई और स्कूल के समीप से ट्रांसफार्मर हटाने की मांग की है।

## छोटे भाई का हत्यारा बड़ा भाई जेल दाखिल


जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।



छोटे भाई का निर्ममता से हत्या करने वाला बड़ा भाई सलाखों के पीछे पहुंच गया। खेती का सीजन आते ही जमीन का विवाद बढ़ जाता है। जिसके कारण अनहोनी घटना घट जाती है। 3 अगस्त को जमीन विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी है। घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नरकालो की है। जहां बड़ा भाई धीरसाय राठिया ने छोटे भाई अमीरसाय राठिया उम्र लगभग 40 वर्ष की हत्या कर दी है। घटना 3 अगस्त दोपहर की है। जहां दोनों भाई में कोठार के पास वाद विवाद होने लगा। तभी मृतिका की पत्नी बीच बचाव करने लोगों से गुहार लगाने लगी। लेकिन भाई-भाई का झगड़ा है समझ कर कोई नहीं आया। इसी बीच आरोपी ने भाई पर टांगी से ताबड़तोड़ हमला कर सिर को धड़ से अलग कर दिया। घटना की सूचना धरमजयगढ़ थाने में दी गई। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। वहीं आरोपी के खिलाफ धारा 302 के मामला पंजीबद्ध कर चंद घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## शराब पीने का आदि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



शराबी युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना धरमजयगढ़ के सिविल लाइन की है। जहां बीती रात युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी है। बताया जा रहा है कि मृतक विनीत कुमार द्विवेदी पिता अमृतलाल द्विवेदी उम्र 28 वर्ष निवासी सिविल लाइंस धरमजयगढ़ 3 अगस्त को रात्रि 11 बजे अपने घर के बरामदा में लगे लोहे के पाइप में फांसी लगाया है। जिसकी सूचना धरमजयगढ़ थाने में दी गई। जिसमें कहा गया है कि मृतक शराब पीने का आदि था। घटना के दिन भी वह शराब पिया हुआ था। तब मृतक के पिता ने उसे समझाया कि इतना शराब क्यों पीते हो शराब पीना बंद करों। जिसके बाद सभी रात्रि 9 बजे भोजन के बाद सभी सो गए। लेकिन विनीत बैठा हुआ था। रात्रि 11.30 बजे जब अमृतलाल लघुशंका के लिए उठा तो देखा की बरामदा में विनीत फांसी के फंदे में झूल रहा था जिसकी सूचना अपने परिजनों को दी। वहीं पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। जिस पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक 74/23 कायम कर आगे की कार्यवाही करते हुए शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## विद्यालय परिसर में भरा पानी, नैनिहालों को हो रही परेशानी

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़।





जिले के चुरेला में स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी स्कूल तो जर्जर है ही उसके पहले परिसर में पानी लपालप भरी है। जिससे नैनिहालों को स्कूल आने जाने में भारी समस्या हो रही है। ऐसे स्थिति में आए ग्रामीणों के मुताबिक बताया जा रहा है कि वहां के प्राइमरी स्कूल पिछले 3 साल से जर्जर हो चुके हैं तथा ऊपर से छत भी टूट कर गिर चुका है यहां स्कूल के अभाव में वहां के प्रधान पाठक ने स्कूल का संचालन मध्यान भोजन कक्ष में कर दिया है और मध्यान्ह् भोजन के करीब ही आंगनबाड़ी केंद्र मौजूद है जहां पर मध्यान्ह् भोजन की अनुपस्थिति में आंगनबाड़ी को काम में लिया जा रहा है। लेकिन वहां भी स्थिति इस कदर बदहाल है कि आंगनबाड़ी के छत से पानी लगातार रीश रहा है और बरामदे तक पानी जा रही है। ग्रामीणों के द्वारा यह भी स्पष्ट हुआ कि सभी छात्र-छात्राओं को खाने की भी कोई जगह नहीं है वहां छात्र-छात्राओं को खड़े होकर खाना पड़ता है और क्लास रूम में भी जगह न होने पर ले जाकर खाना खिलाया जाता है। स्कूल जाने पर हमारे मीडिया की टीम ने देखा कि प्रांगण में चारों तरफ पानी ही पानी भरा हुआ है तथा स्कूल प्रांगण पूरी तरह से जलमग्न हो चुका है और वहां पर कोई ऐसा जगह नहीं बचा जहां पर छात्र-छात्राओं को खड़े होने की भी जगह मिल पाए और पानी के भरे होने से वहां इस तरह से कीचड़ भी हो चुके हैं जिससे कोई भी बच्चे फिसल कर आसानी से गिर सकते हैं अथवा पानी में कुछ विषैले जीव जंतु भी अभी के दिनों में देखने को मिलते हैं ऐसी स्थिति में अगर स्कूल प्रांगण की स्थिति की साफ-सफाई और चाक-चौबंद सही ढंग से ना हो तो क्या परेशानियों का सामना हो सकता है या तो कोई भी बता सकता है जहां साफ-साफ या देखा जा सकता है कि स्कूल प्रांगण मैं बड़े.बड़े गड्ढे हैं और वहां पर पानी भरे हुए हैं। यहां तक की वहां समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ स्कूल प्रांगण में एकत्रित भी कर पाये ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं है।

## जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही, जिला प्रशासन सख्त

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण पीएचई विभाग द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम सौतार, करकोलीजूना, मोहनपुर में निर्माण कराए जा रहे, पानी टंकी तथा कई ग्रामों में निर्मित प्लेटफार्म गुणवत्ता विहिन पाये जाने पर संबंधित विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही की गई। जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा के लिए पूर्व में कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा कई मीटिंग ली गई थी। जिसमें उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को स्पष्ट किया थाए कि योजना के अंतर्गत संचालित होने वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर प्रशासन द्वारा सख्त निर्णय लिया जाएगा। इसलिए उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को तय समय सीमा पर गुणवत्ता युक्त कार्य करने के निर्देश मीटिंग में दिए गये थे। धरातल स्तर पर कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों का परिपालन सही तरीके से किया जा रहा है या नहीं इसके लिए पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता, अपने अधीनस्थों द्वारा समय-समय पर कार्यस्थलों का भौतिक परीक्षण कराया जा रहा था। जिसमें कुछ चिन्हित स्थानों पर निर्माण में कमी पाई गई। जिसमें विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए, गुणवत्ता विहिन उच्च स्तरीय जलागार को तोड़ा गया।



## भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला रायगढ़ का गठन

यूसुफ छाया धरमजयगढ़ एवं शिव शर्मा घरघोड़ा सदस्य बने

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।



भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ के जिला कार्यकारिणी समिति का कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने गठन कर सूची जारी किया है । जिसमें जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष यूसुफ छाया एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घरघोड़ा के अध्यक्ष शिव शर्मा को सदस्य बनाया गया है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला रायगढ़ में अध्यक्ष कलेक्टर, पुलिस अधिक्षक, प्रमुख अधिकारी सहित कुल 28 सदस्यों का नामांकित किया गया है। जिसमें रायगढ़, खरसिया, लैलूंगा, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ के अशासकीय सदस्यों की सूची में नाम शामिल किया है। नव गठित भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला रायगढ़ में यूसुफ छाया धरमजयगढ़ एवं शिव शर्मा घरघोड़ा को नामांकित सदस्य बनाये जाने पर धरमजयगढ़ विधानसभा के कांग्रेस जनों में अपार हर्ष व्याप्त है। सभी जनों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं नेता द्वय ने जिला कलेक्टर सहित भारतीय रेडक्रास सोसाइटी जिला रायगढ़ के पूर्व अध्यक्ष रायगढ़ जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in